हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# जोगी बंगला जर्जर घोषित, तोड़ने की तैयारी बेशकीमती जमीन के उपयोग पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोगी निवास के नाम से जाना जाने वाला सागौन बंगला लगभग 50 साल पुराना है, वह अब जर्जर हो चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का परिवार यहां पर करीब 20 साल तक रहा। अब जर्जर बंगले की श्रेणी में आने के कारण इसे तोड़ने पर विचार किया जा रहा है। सागौन बंगले का पूरा क्षेत्र लगभग दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थित है। आसपास के के इलाके को मिलाकर यहां का पूरा परिसर 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला है। पूर्ववर्ती सरकार के समय पायलट प्रोजेक्ट के तहत कटोरा तालाब में पुराने दफ्तरों, आवास को तोड़कर वहां पर कांप्लेक्स बनाने की ▶▶|शेष पेज 13 पर

- *कांग्रेस सरकार में कमर्शियल व रेसीडेंशियल कांप्लेक्स बनाने की थी योजना*
- *व्यावसायिक उपयोग कर विभाग ने अपनी आय बढ़ाने की योजना तैयार की थी*



### जर्जर घोषित, नहीं होगा आवंटन

*जोगी परिवार द्वारा सागौन बंगला खाली करने के बाद संपदा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सागौन बंगले को जर्जर घोषित किए जाने के बाद इसका आवंटन नहीं किया जाएगा। अब यह बंगला खाली होने के बाद बंद कर दिया गया है।*

### जल्द निर्णय ले सकती है सरकार

*सागौन बंगले से लगे क्षेत्र के सामने के हिस्से पर बड़े पेड़ लगे हैं, यह गार्डन की तरह उपयोग किया जाता था। यही हिस्सा करीब डेढ़ एकड़ का होगा। यहां पर व्यावसायिक कांपलेक्स बनाया जा सकता है। बेशकीमती जमीन हजारों करोड़ की है। अब नई सरकार को यह निर्णय लेना है कि यहां की जमीन का क्या उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में शांति नगर योजना को इस सरकार ने हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से फिर लांच किया है, इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बेशकीमती जमीन का व्यावसायिक उपयोग करने पर निर्णय जल्द लिया जाएगा।*

### दफ्तर की शिफ्टिंग

*सागौन बंगले के पीछे और आसपास स्थित पीडब्ल्यूडी के तीन उपसंभाग दफ्तरों को खाली कर पुराने ईएनसी दफ्तर (सिरपुर भवन) परिसर में शिफ्ट भी किया जा चुका है। पुराने स्टाफ क्वार्टर और परिसर में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी के पूर्व कर्मचारियों के परिवार के लोगों को जगह खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।*

## खबर संक्षेप

### दो किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की। 21 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि यूनियन क्लब के पीछे लोहार गली में एक व्यक्ति के पास पिट्ठू बैग है, उसमें गांजा भरा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी की पहचान कर उसके कब्जे से दो किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी यश पटेल 19 वर्ष निवासी मनसाय तालाब के पास प्रोफेसर कॉलोनी के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब खरीदते मोबाइल पार, चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** मोबाइल चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम त्रिनाथ सोना पंडरी जगन्नाथ नगर सिविल लाइन का रहवासी है। प्रार्थी मुन्नालाल पटेल निवासी उस्लापुर आनंद नगर बिल्हा बिलासपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे शराब दुकान पर शराब खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल पार कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। बताया गया है कि आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। इससे पहले भी उसके विरुद्ध पंडरी थाने में मारपीट सहित कुल 6 प्रकरण दर्ज हैं।

### ट्रक चालक से लूट 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टाटीबंध इलाके में ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 19 जून की रात करीब 7 बजे की है। प्रार्थी चंद्रमा सिंह ट्रक चालक है। घटना वाले दिन टाटीबंध से आरएसडी रेक प्वाइंट रास्ते में एक पेड़ के गिरने से रास्ता जाम हो गया था। इसी दौरान प्रार्थी का ट्रक भी वहीं खड़ा था। तब बाइक सवार तीन लड़के वहां पहुंचे और ट्रक में घुसकर प्रार्थी का मोबाइल और 11 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फूटेज के आधार पर आरोपी विक्रम साहू निवासी भनपुरी, मनीष साहू निवासी ग्राम बिनौरी थाना पलारी एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।



युवक के ऊपर गिरा कंटेनर।



दो क्रेन की मदद से निकाला।



हादसा ऐसा कि बाइक चकनाचूर।

### युवक कंटेनर से बाहर निकालने गुहार लगाता रहा, लोग लाचार होकर देखते रहे

# कंटेनर पलटने से युवक का आधा हिस्सा फंसा युवक चीखता रहा, लोग लाचार होकर देखते रहे

## एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने कंटेनर के नीचे फंसे युवक को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कंटेनर से लोड ट्रेलर पलटने से एक युवक के शरीर का आधा भाग कंटेनर के नीचे दब गया। जेसीबी तथा क्रेन की मदद से एक घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन के नीचे दबे युवक को पुलिस ने बाहर निकालकर उपचार के लिए एम्स अस्पताल रवाना किया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज इंड से संतोषी नगर ओवरब्रिज के पास की है। घटना की वजह यात्री बस तथा कार को बचाने के लिए ट्रेलर चालक द्वारा ब्रेक लगाए जाने की वजह से ट्रेलर पलटना है। इस दौरान पास से ▶▶|शेष पेज 13 पर



### युवक को बाहर निकालने एक घंटे कड़ी मशक्कत

कंटेनर के नीचे दबे युवक को बाहर निकालने आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने युवक को बाहर निकालने अपने स्तर पर कोशिश शुरू की। किसी ने जहां कंटेनर गिरा था, उस जगह को शब्बल की मदद से खोदने का प्रयास किया, तो किसी ने जैक की मदद से कंटेनर को उठाने की कोशिश की, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### साथी हाथ बढ़ाना...



### कंटेनर पलटने से लगा जैसे भूचाल आ गया

जिस जगह पर ट्रेलर पलटने की घटना घटित हुई है, वह व्यस्त मार्ग है। इसके साथ ही सर्विस रोड के नीचे कई मार्बल शॉप हैं। ट्रेलर तथा उसमें लोड कंटेनर पलटने से बिजली की गड़गड़ाहट की तरह तेज आवाज आई। लोगों को लगा कि जैसे भूचाल आ गया हो। इसके बाद लोग आवाज की दिशा की ओर दौड़े, तो उन्होंने देखा, कंटेनर के नीचे एक युवक का कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह से दबा हुआ है।

# मवेशी कारोबारियों की पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने की पहली गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में छह-सात जून की दरमियानी रात तीन मवेशी कारोबारियों की भीड़ द्वारा पीट पीटकर हत्या करने के मामले में गठित एसआईटी टीम ने शनिवार को पहली गिरफ्तारी की है। हत्या के आरोपी को पुलिस ने दुर्ग स्थित बोरसी गांव से गिरफ्तार किया है। हत्या का आरोपी पुलिस से बचने अपनी महिला मित्र के घर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है।

- तीसरे कारोबारी की मौत के बाद पुलिस से बचने युवक अपनी महिला मित्र के यहां जाकर छिप गया था

पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश, सहारनपुर निवासी ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान तथा सद्दाम की हत्या के आरोप में बैजनथापारा निवासी हर्ष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार हर्ष पर हत्या की घटना में शामिल होने का पहले से शक था। हर्ष पर पुलिस नजर रखे जाने का दावा कर रही है। सद्दाम की मौत के बाद हर्ष बुरी तरह से डर गया और उसे अपने पकड़े जाने का भय सताने लगा। पुलिस से बचने हर्ष दुर्ग स्थित अपनी महिला मित्र के यहां चला गया और वहां अपने आपको एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगवा दिया।

### जांच करने पुलिस टीम पहुंची ओडिशा बार्डर

मामले की पड़ताल करने पुलिस की टेक्निकल टीम घटना के बाद से तकनीकी साक्ष्य जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है। घटना के बाद से पुलिस की एक टीम मामले की पड़ताल करने महासमुंद के रास्ते ओडिशा बार्डर पहुंची हुई है। पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि ट्रक किस रास्ते से और कहां-कहां गया है। पुलिस को मवेशी कारोबिरियों की पहले से पीछा किए जाने की आशंका है, इसी के चलते पुलिस की तकनीकी टीम सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करते हुए ओडिशा बार्डर तक पहुंची।

# दो दिन की बारिश ने खोली निगम की व्यवस्था की पोल

### वाहन चलाना मुश्किल, घरों के सामने भरा पानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


दो दिन की शुरुआती मानसूनी बारिश ने शहर के अंदरूनी और आउटर में बसी बस्तियों के निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। कंकाली मंदिर दलदलसिवनी के पास लबालब पानी भरने से साइकिल तक चलाना मुश्किल हो गया। डबरीपारा, दयानगर में लोगों के घरों और मुख्य मार्ग की सड़क पर पानी भरने से लोग परेशान रहे। इधर नीलांचल विहार, द्वारिका ▶▶|शेष पेज 13 पर

- महिला थाना के पास मधुसूदन चौक, रावतपुरा फेज 2, दयानगर

### भरभराकर गिर गया गरीब का घर, रात मुश्किल से गुजारी

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी के कंकाली मंदिर के पास शुक्रवार को हुई बारिश से वहां रहने वाले गरीब परिवार का कच्चा घर भरभरा कर गिर गया। सिर छिपाने की चिंता के साथ प्रभावित परिवार ने किसी तरह आंखों में रात काटकर गुजारी। मिट्टी, खपरेल और बांस की खपच्ची बारिश में वहीं पड़ी रही। सुबह होने पर प्रभावित सुरक्षित सामान को पहुंचाया।





### डबरीपारा में घरों के सामने घुटनों तक गंदा पानी

डबरीपारा में गंदे पानी के निकासी की व्यवस्था लचर होने से बारिश का गंदा पानी कीचड़ के साथ घरों के सामने घुटनों तक भरा रहा। इससे लोगों को घर से बाहर आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ी। दया नगर और द्वारिका विहार, संसीपारा में भी कमोबेश यही स्थिति बनी रही। लोगों ने निगम प्रशासन की लचर व्यवस्था को जमकर कोसा।

# सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त सहायक अकाउंटेट और असिस्टेंट क्लर्क गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौदहापारा थाने की पुलिस ने जिला सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त अकाउंटेट तथा असिस्टेंट क्लर्क को 52 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों बैंक अफसरों पर छह साल पूर्व ग्राहकों के अकाउंट में हेरफेर कर गबन करने का आरोप है। आरोपी अफसरों ने धोखाधड़ी की घटना वर्ष 2017 से 2022 के दौरान की है। पुलिस के मुताबिक जिला सहकारी बैंक में सेंट्रल ऑफिस डिपॉजिट ब्रांच (सीओडी) में प्रबंधक के पद पर पदस्थ शरद चंद्र गांगने ▶▶|शेष पेज 13 पर



# सामान्य बीमारी के मरीजों का आईसीयू में इलाज, केवल दो अस्पतालों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य बीमारी के मरीज को गंभीर बताकर आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत आईसीयू में इलाज करने वाले दो अस्पतालों पर बड़ा जुर्माना लगाया गया है। महासमुंद के तुरिडिही झलप के श्रीराम हास्पिटल और गरियाबंद के मां यशोदा हास्पिटल के दस्तावेजों में अनियमितता की पुष्टि होने पर उनसे 21.57 लाख का फाइन वसूला गया है। स्टेट नोडल एजेंसी ने इसके लिए 28 अस्पतालों को नोटिस भेजा था, मगर शेष पर अभी किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## आयुष्मान की गड़बड़ी पर 28 अस्पतालों को भेजा गया था नोटिस

### जांच महज औपचारिकता

अस्पतालों में इस योजना की निगरानी के लिए जिला स्तर पर सीएमएचओ के अंडर में टीम का गठन किया गया है। वहीं 104 के माध्यम से मरीजों से उपचार का फीडबैक लिया जाना है। सूत्रों का कहना है कि दोनों सिस्टम केवल औपचारिकता पूरी करता है और पीड़ित पक्ष द्वारा शिकायत मिलने का इंतजार करता है। इस स्तर पर ज्यादातर मामले आपसी समझौते के बाद सुलझा लिए जाते हैं और अस्पतालों की मनमानी चलती रहती है।

### आयुष्मान मरीज के भरोसे अस्पताल

सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत राज्य में संचालित होने वाले ज्यादातर अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले मरीजों के भरोसे संचालित होते हैं। राज्य में अभी सभी सरकारी अस्पतालों के साथ 553 निजी अस्पताल स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों के इलाज के लिए पंजीकृत हैं। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन पेंडिंग हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित मापदंडों को पूरा करने के बाद उन्हें योजना के लिए पंजीकृत करने की तैयारी में है।

# स्टेशन में यात्रियों को समोसा और थेपला पसंद नहीं, बासी खाने और चीटियों से भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री को परोसे गए शाकाहारी भोजन में कॉकरोच निकलने के बाद ट्रेनों में खाने की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में आईआरसीटीसी ने फर्म पर जुर्माना लगाते हुए यात्री से माफी तो मांग ली, लेकिन अब रेलवे द्वारा परोसे जा रहे खाने पर से यात्रियों का विश्वास उठ गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अभी तक खाने को लेकर शिकायत में बीते कुछ सालों में इजाफा हुआ है। औचक जांच में भी अधिकारियों ने पेट्रीकार में अनियमितता ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पेंट्रीकार की औचक जांच में रेलवे को मिलती रही है अनियमितता



- स्टेशन से लेकर ट्रेनों में खाने को लेकर थोक में शिकायत, यात्रियों ने कहा- गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई न करें

### ट्रेन में खराब बिस्किट और मिक्चर भी पसंद नहीं

चलती ट्रेन में रेलवे के अधिकृत वेंडर द्वारा यात्रियों को बेची जा रही खाद्य सामग्री की शिकायत सामने आई है। बीते दो से तीन सालों में रेल मदद ऐप के जरिए बिस्किट और मिक्चर को नापसंद बताया है। शिकायत में यात्रियों ने गुणवत्ता विहीन चिप्स देने के साथ बदबू आने की भी बात कही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, अमरकंटक और हावड़ा-अहमदाबाद के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तरह की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करवाई है।

# नशीली टेबलेट जब्त, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों को टाटीबंध स्थित एम्स अस्पताल गेट नंबर 1 के पास पकड़ा गया है। पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ ई-रिक्शा को भी जब्त किया है। इस मामले में तीनों आरोपी अमन सोनेकर उर्फ सन्नी निवासी रविशंकर यूनिवर्सिटी कैम्पस, वीरेंद्र सोनी उर्फ तुतरू निवासी कुकुरखेड़ा सामुदायिक भवन के पास सरस्वती नगर एवं गौतम सोनी उर्फ तरूण निवासी गुरुद्वारा के सामने सरस्वती नगर के विरुद्ध धारा 22ग नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।





## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# जनसुनवाई में रायखेड़ा अदाणी पॉवर प्लांट को मिला समर्थन, हजारों ग्रामीण हुए शामिल

## रायखेड़ा, भाटपारा, चिचोली, गैतरा, ताराशिव, बहेसर, छतौद, खमरिया सहित 14 गांव के ग्रामीण पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

हजारों लोगों की उपस्थिति में अदाणी पॉवर लिमिटेड,रायखेड़ा के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल की जनसुनवाई शांति पूर्वक संपन्न। पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पॉवर लिमिटेड के प्रस्तावित 1600 मेगावाट के विस्तार के लिए शनिवार को आयोजित जनसुनवाई शांति पूर्वक सम्पन्न हो गई। जनसुनवाई प्रातः 11:00 बजे से ग्राम ताराशिव के शासकीय स्कूल के पास खेल मैदान में आयोजित की गई। जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में रायपुर के अतिरिक्त कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रकाश टंडन तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश रबड़े मौजूद थे।

परियोजना के बारे में जानकारी अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायखेड़ा के पर्यावरण विभाग प्रमुख आर एन शुक्ला ने दी। जनसुनवाई लगभग 1.30 घंटे तक चली। जिसमें तिल्दा तहसील के ग्राम रायखेड़ा, भाटपारा, चिचोली, गैतरा, ताराशिव, बहेसर, छतौद, खमरिया इत्यादि सहित लगभग 14 गांव के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान सभा में ग्रामीणों द्वारा मुख्यरूप से क्षेत्र का विकास, नौकरी और स्वरोजगार के लिए उचित प्रबंध, प्रदूषण सहित कई बातों तथा सुझावों को पीठासीन ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुनकर कंपनी के अधिकारीयों की उपस्थिति में संबंधित मांगों पर विचार करने का भरोसा दिलाया।

### 800 मेगावाट का समर्थन

लोक सुनवाई में पधारे आधिकांश लोगों ने अदाणी पॉवर लिमिटेड के 800 मेगावाट की दो इकाई के विस्तारण हेतु समर्थन किया। हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने लोक जनसुनवाई में अपनी बात रखी। इन्होंने इसके विस्तारण से क्षेत्र में विकास के नए आयाम खुलने साथ ही हजारों लोगों को नई नौकरियां मिलने की संभावनाएं और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने की उम्मीद जताते हुए अदाणी पॉवर लिमिटेड के विस्तारण के लिए अपनी सहमति प्रदान करने की बात कही।



### विकासात्मक कार्य कराने की प्रतिबद्धता दुहराई

जन सुनवाई के अंत में अदाणी पॉवर लिमिटेड के स्टेशन प्रमुख श्री श्रीकांत वैद्य ने जनसुनवाई में पधारे सभी ग्रामीणों को कंपनी के सामाजिक सरोकारों के माध्यम से हर तरफ विकासात्मक कार्य कराने की अपनी प्रतिबद्धता की बात कही तथा उपस्थित सभी ग्रामीणजनों, प्रशासनिक अधिकारियों, हितधारकों, तथा जनसुनवाई के आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया योगाभ्यास

**अभनपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय मे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल होकर विभिन्न योग क्रियाएं कर लोगो को योग को अपने दिनचर्या मे शामिल करने की अपील की।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि योग संपूर्ण विश्व मे भारत द्वारा दी गई एक अमूल्य धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्व मे पहुंचाने का कार्य किया है आज मोदी जी के प्रयासो से ही योग की प्रसिद्धि पूरी दुनिया मे बढ़ रही है।

### एसडीएम ने किया सात पटवारियों का तबादला

**अभनपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रवि सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से क्षेत्र के 7 पटवारियो का अनुविभाग के अंदर तबादला किया है। वर्तमान पदस्थापना से नवल किशोर चंन्द्रा को जामगांव,सुंदरकेरा के योगेन्द्र साहू को पोड़,मंदलोर के अंकित शर्मा को पचेड़ा,ऋषि कुमार साव को मानिकचौरी,टोकरो के नरेन्द्र साहू को जुलुम,सोनपैरी के बसंती घृतलहरे को सारखी,आमनेर तथा राजेन्द्र पटेल को गोबरा नवापारा,बगदेही पटवारी हल्का मे पदस्थ किया है।

### तामासिवनी हाई स्कूल में योग दिवस मनाया

**आरंग।** शा.उ.मा.विद्यालय तामासिवनी में एनसीसी कैडेटों द्वारा प्राचार्य शीला नोलानी के मार्गदर्शन में एनसीसी अधिकारी बलदाऊ सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चंपारण मंडल योग प्रभारी टीकमचंद साहु ने बताया कि योग हमारी संस्कृति की प्राचीनतम पहचान है।

## अपराध : दो दिन पूर्व ठेकेदार की बाइक से 7 साल की हुई थी उठाईगिरी

# सरोरा एटीएम उखाड़ी और गाड़ी में भरकर चोर फरार, अभी तक नहीं मिले हैं सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

- एटीएम में कितनी नकद राशि थी इसकी जानकारी अभी नहीं मिली

तिल्दा नेवरा छेत्र में चोर काफी सक्रिय है। अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की देर रात ग्राम पंचायत सरोरा में रोड किनारे स्थित इंडिया 1 की एटीएम मशीन को उखाड़कर ले गए। चोरों ने अपनी गाड़ी से एटीएम को उखाड़ा और फिर गाड़ी में लेकर फरार हो गए।खबर लिखे जाने तक एटीएम मशीन के अंदर कितने रुपये नगदी थी उसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

उक्त घटना की पूरी जानकारी ग्रामीणों ने नेवरा पुलिस को दी जिसके बाद नेवरा पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। एटीएम कम्पनी के एक व्यक्ति से हमने बात की लेकिन उन्होंने किसी तरह की कोई जानकारी देने से मना कर दिया। साथ ही 20 जून की शाम एक सिविल ठेकेदार के मोटरसाइकल के हैंडल पर रखे 7 लाख रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी करके रफू चक्कर हो गए।



ग्राम पंचायत कुंदरु निवासी राधे श्याम साहू ने थाना नेवरा में शिकायत दर्ज करवा कर बताया की वह बजरंग पावर प्लांट टण्डवा एवं गौरी गणेश कंपनी मंढी में सीविल ठेकेदारी का काम करता है। लेवरो को पेमेंट देने के लिए पैसा निकालने के लिए तिल्दा के बैंक ऑफ बडौदा आया था। अपनी दोपहिया वाहन स्प्लेण्डर प्लस क. सीजी 04, एल. क्यू. 1427 में बैंक आया था। पैसा निकालने के बाद अपने भुरा कलर के थैला बैग में 7 लाख रुपए को रखकर तिल्दा के मोहन ट्रेडर्स गया वहां 15 किलो सेट्रिंग तार खीला लिया उसी दौरान बारिश होने से रूका था, बारिश बंद हो जाने के बाद शाम करीबन 05:45 बजे मोहन ट्रेडर्स से निकलकर अपनी मोटर सायकल के दाहिने तरफ के हेंडल में पैसा वाले थैला बैग को टंगकर तथा खीला के बोरी थैला को पीछे कैरियल में बांधकर अपने घर ग्राम कुंदरू जाने के लिए निकला था।

शाम 06:00 बजे करीब तिल्दा ओवर ब्रिज के दाहिने रोड तरफ से अंडर ब्रिज होते जा रहा था, अंडर ब्रिज प्रवेश द्वार के पहले अपनी मोटर सायकल रोड किनारे खडी करके ओवर ब्रिज के नीचे पेशाब कर रहा था पेशाब करके पीछे मुड़ा तो तिल्दा की ओर से एक काले कलर के मोटर सायकल में सवार दो व्यक्ति आकर प्रार्थी के मोटर सायकल के हेंडल में रखे थैला को निकालकर चोरी कर भागने लगे।

### चोर-चोर चिल्लाया

*प्रार्थी चोर-चोर चिल्लाया तो वहां पर कोई व्यक्ति नही होने से सुन नही पाए, प्रार्थी अपनी मोटर सायकल को स्टाट कर पीछा किया तो अंडर ब्रिज से मुडकर दोनो अज्ञात व्यक्ति पुनः ओवर ब्रिज में चढ़कर सासाहोली की ओर भाग गए। नेवरा पुलीस ने मामला दर्ज कर लिया है।*

# दोंदेकला में पुलिस ने दी दबिश एक कोचिया माखन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा




प्रशासनिक सुस्ती और राजनैतिक संरक्षण के चलते धरसींवा जनपद पंचायत के ग्राम दोन्देकला में पिछले पांच सालों से गांव में शराब की अवैध बिक्री हो रही है। पुलिस ने शनिवार को कबीर प्राकट्य दिवस के दिन अवैध शराब बेचने वाले माफियो के खिलाफ जाल बिछाए और मुखबिर की सूचना पर गांव के ही माखन दास जांगडे पिता स्व. फेरहा दास जांगडे (60) निवासी दोदेकला को बाजार चैक के पास धर दबोचे।

**नेतागिरी की आड़ में शराब की तस्करी :-** सूत्रों की माने तो शराब माफिया माखन दास जांगड़े पिता स्व फेरहा जांगड़े के रिश्तेदार कांग्रेस की नेतागिरी करता है। नेतागिरी की आड़ में आरोपी शराब का कारोबार करता है जो लंबे समय से शराब की तस्करी और बेचता है। जिसके चलते इसके खिलाफ पुलिस भी पूर्व में हाथ नही डाल पाते थे मगर वर्तमान में भाजपा सरकार आने के बाद पर्दे उठने लगे और आरोपी सलाखों के पीछे जा रहे है।

**बाजार चौक से आरोपी गिरफ्तार:-** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 22 जून को कबीर प्रागट्य दिवस के दिन आरोपी माखन दास जांगड़े गांव शराब बेच रहे थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दोदेकला बाजार चैक के पास अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है कि सूचना पर विधानसभा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से पीले रंग की थैला में रखे 34 पौवा यूनिक देशी मदिरा मसाला शराब एवं बिक्री रकम 650 रूपये जुमला कीमती 4390/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**घेराबंदी कर किया गिरफ्तार:-** ग्राम दोन्देकला में शराब बिक्री की लम्बे समय से शिकायत मिल रही थी जिसे घेराबंदी कर आज पकड़ लिया गया है आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# प्रशिक्षित बुनकरों का सम्मान किया महिलाओं को दी तकनीकी जानकारी



**धरसींवा/कुरा।** गांधी ग्राम नगरपंचायत कूंरा में स्वरोजगार को बढ़ावा देने छग खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड रायपुर के दिशा निर्देश में व्यवस्थापक खादी उत्पादन केंद्र कूंरा में कारीगर प्रशिक्षण के तहत कपड़ा बुनाई का प्रशिक्षण दिया गया और सभी को 20 जून को एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । वही केंद्र में ही 9 मार्च से 9 जून 2024 तक 90 दिनों तक प्रशिक्षण पूर्ण कराया गया । इस दौरान नगर के 20 महिलाएं लूम मशीन पर हाथ करघा से बुनाई तकनीकी के विभिन्न चरणों जैसे ताना बनाना , कंघी भराई , बुनाई , बना भराई ताना भराई , सहित विभिन्न चरणों का प्रदर्शन के साथ कपड़ा बुनाई का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने स्वयं से हाथकरघा से कपड़ा बुनने के प्रसंस्करण को पूरी तन्यमता से सीखे । विभाग के तकनीकी अनिल साहू , ने बताया कि छ ग खादी ग्रामोद्योग बोर्ड रायपुर के निर्देश पर निरीक्षक डी डी पटेल , केंद्र व्यवस्थापक कमलेश शर्मा एवं विमल देवांगन के मार्ग दर्शन में तीन महीनो तक प्रशिक्षण दिया गया । जहां चयनित गांधी ग्राम कूंरा की महिलाओ को प्रशिक्षण दिया गया । इसके अलावा गांव गांव तक इसका विस्तार कर गांधी के ग्राम स्वराज का सपना साकार करने का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही इन्हें खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रशिक्षण के साथ साथ प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपए कुल 9000 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि संस्था प्रदान करेगा।

प्रशिक्षण में सामिल महिलाएं कुंती , कविता , मिथलेश , सुषमा , सुनंदा , किरण , मोहनी , ममता , सीमा , ललिता , संतोषी , अमरीका , रूखमणी , रागिनी , प्रमिला , ललिता , सरोजनी , दुर्गेश्वरि , उर्वशी ने क्षेत्रीय संवाददाता प्रेमलाल पाल को बताया कारीगर बुनाई प्रशिक्षण में हाथ करघा से कपड़ा बुनने का काम 3 महीने में हम सब पूरे तरीके से सिख गए है।

# बेकाबू कार क्षतिग्रस्त, सवार युवक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



जाको राखे साईंयां, मार सके न कोय। बाल न बांका कर सके, जो जग बैरी होय। यह दोहा आज आरंग में साक्षात चरितार्थ हुआ। बिलासपुर मुंगेली से जगन्नाथपुरी दर्शन के लिए पांच युवकों की टोली निकली थी। सभी अर्टिका कार सीजी 10 बीएस 1629 में सवार थे। मोरध्वज नगरी आरंग के पीपला चौक पर पहुंचे थे। रात के करीब साढ़े तीन बजे की घटना है। सभी ओर सन्नाटा पसरा हुआ था। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। सामने से आ रहे ट्रक की लाइट से कार चालक की आंखें चौंधिया गई। अनियंत्रित कार पहले पीपला चौक के बोर्ड से टकराया। फिर पीपला फाउंडेशन द्वारा पेड़ों को संरक्षित करने बनाए पीपला चौरा को उखाड़ते हुए पेड़ में जाकर टिक गया। इस हादसे में कार चकनाचूर हो गया। कार में सवार ऋषभ (शुभम) पांडेय सहित उनके 5 साथी बाल-बाल बचे। इन्हें खरोच भी नहीं आयी है। घटना स्थल को देखकर सभी के जुबां पर एक ही बात है 'जाको राखे साईंयां, मार सके न कोय।' दुर्घटनाग्रस्त वाहन और दुर्घटनास्थल को देखकर लोग अचंभित हैं कि कार के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के बाद भी कार सवार लोगों को चोंटें कैसे नहीं आयी? लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। इस बीच पीपला फाउंडेशन के सेवा कार्यों की एकबार फिर जमकर चर्चा हो रही है। पीपला चौक का बोर्ड और पीपला चौरा नहीं होता तो कार सीधे गहरे गड्ढे में गिरती। युवाओं को जब पता चला कि पीपला फाउंडेशन द्वारा गौमाता की सेवा के लिए नगर में जगह-जगह जल पात्र रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जगह-जगह पेड़ पौधे रोपे गए हैं। जल दान अभियान, पौधे दान अभियान बीते कुछ वर्षों से चलाया जा रहा है। तब युवाओं का कहना है कि संभवतः पीपला के पुण्य प्रताप का प्रभाव है कि हम सकुशल और सुरक्षित हैं।

# पशु तस्करी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**आरंग।** पशु तस्करी मामले में आरंग पुलिस ने एक आरोपी को गिरप्तार किया है। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 07 जून की रात्रि मृतक चांद मिया पिता नौशाद खान उम्र 23 साल निवासी ग्राम लखनौती थाना गंगो जिला सहारनपुर उ.प्र. अपने साथी सद्दाम खान एवं गुड्डु खान के साथ ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजी 3929 में सवार होकर ट्रक में मवेशी भरकर तीनों महासमुंद से आरंग रोड तरफ रांग साईड वाले रास्ते से जा रहे थे, कि कुछ लोग अपने वाहन से ट्रक का पीछा कर रहे थे। जिससे चांद मिया की मृत्यु हो गई तथा गुडडू खान व सद्दाम खान को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था, कि उपचार के दौरान गुडडू खान एवं सद्दाम खान की भी मृत्यु हो गई।

जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 421/24 दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के नेतृत्व में 14 सदस्यीय एक विशेष टीम का गठन कर टीम के सदस्यों को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया था। जिस पर विशेष टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी विश्लेषणों व अन्य माध्यमों से अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ करते हुए प्रकरण में आरोपियो को चिन्हांकित किया गया है। जिनकी पता तलाश की जा रही थी। जिसमे से एक आरोपी हर्ष मिश्रा पिता सुदेश मिश्रा उम्र 23 साल निवासी बैजनाथ पारा आर्य समाज मंदिर के पास थाना सिटी कोतवाली रायपुर जिला रायपुर को पकड़ा गया।

उपचार के दौरान सद्दाम खान की मृत्यु होने पर आरोपी हर्ष मिश्रा पकड़े जाने के डर से दुर्ग बोरसी स्थित अपने एक महिला मित्र के घर जाकर कमरे में बाहर से ताला लगाकर छिपा था, जिसे एसआईटी की टीम द्वारा गिरफ्तार किया जाकर धारा 304, 308, 34 भादवि. के तहत उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।जिसको माननीय न्यायालय ने ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेजा। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# मल्टी हॉस्पिटल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास हुआ

**अभनपुर।** पतंजलि योग समिति द्वारा सोनी मल्टी हॉस्पिटल परिसर अभनपुर मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रज्ज्वल सोनी,योगाचार्य लाल साहू ने लोगो को योग मंच के माध्यम से व्यायाम, आसन,सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओ के लाभ के बारे मे अवगत कराया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित आचार्य ललित मुनि ने योग का उद्धव विकास के बारे मे चर्चा करते कहा कि भारत के प्रयास से आज समूचे विश्व पटल पर योग को बढ़ावा मिला है,यज्ञ और योग एक दूसरे के पूरक है जिसमें एक मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायक है और दूसरा प्रकृति एवं धरती के वातावरण को शुद्ध रखने में महत्वपूर्ण है । कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से प्रथम कक्षा से एकादश तक प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र व एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। । वही वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत समिति द्वारा 21 पौधे का रोपण कर उनके रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। संजू बहन ने पूरा एक घंटा हवन की आहुती देते रहे। इस दौरान अभनपुर तहसील प्रभारी नवीन शर्मा,प्रदीप शर्मा,लाकेश निर्मलकर ,राकेश साहू, ऋषि निर्मलकर, रूपचंद साहू ,आर एस चौरसिया, अनिल गांधी, संतोष अग्रवाल, राजेश गांधी ,राहुल राठी, श्रीकांत दामले,रामआसरा तारक, दिनेश, हुमन, बिना बारले, शेखर साहू ,शिशु मंदिर के छात्र छात्राऐ व शिक्षकगण आदि सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।



# गांजा परिवहन, युवक गिरफ्तार पुलिस अभियान निजात जारी



**आरंग।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा चलाए जा रहे है अभियान निजात के तहत आरंग पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थ गाँजा ले जा रहे युवक को गिरप्तार किया है।आरंग थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम लखौली ओव्हर ब्रिज के पास मुखबीर के बताये हुलिया के व्यक्ती जो अपने पास एक सफेद प्लास्टिक थैला रखा हुआ था और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा गया पूछताछ करने पर अपना नाम मो. शकील खान पिता मो. शमषेर खान उम्र 34 साल साकिन ग्राम कोसमखुटा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का रहने वाला बताया। पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुये उसके हांथ में रखे एक प्लास्टिक थैला के अंदर पानी रंग के पॉलिथीन में मादक पदार्थ गांजा मिला एवं जामा तलाशी में पहने हुए कपड़े के अलावा अन्य जप्ती योग्य वस्तु नहीं मिला। गांजा के संबंध में आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि गांजा को अवैध परिवहन कर बिक्री करने के लिए लखौली ले जाने के लिए ग्राम लखौली आना बताया। मादक पदार्थ गांजा जैसे मिलने पर विधिवत कार्यवाही कर बरामद गांजा को थैला से निकालकर तौल करने पर कुल 1400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा रखने के सबंध मे धारा 91 जा.फौ. का नोटिस दिया गया जो गांजा रखने के सबध मे कोई भी दस्तावेज नही होना बताया। मुताबिक जप्ती पत्रक के 1400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 8000 रुपये को जप्त किया। जप्त शुदा मादक पदार्थ गांजा को मौके पर सफेद प्लास्टिक थैला सहित सीलबंद किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरप्तार कर अपराध क्रमांक 430/2024 पंजीबद्ध कर आरोपी को 15 दिनों के न्याय हिरासत में माननीय न्यायालय भेजा गया है।

न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग )

-: ईश्तहार :-

क्रमांक/Q/वाचक/ तह./2024
मंदिर हसौद, दिनांक 12/06/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है आवेदक उर्मिला बाई साहू पति जगमोहन साहू, निवासी-सेमरिया, तहसील- मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ. ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि ग्राम - सेमरिया, प.ह.नं- 01, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर में स्थित भूमि **खसरा नंबर 1152/8 रकबा 0.02 हे.** भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक **25.06.2019** को क्रय किया है। उक्त भूमि को क्रय पश्चात आवेदक/क्रेता द्वारा नामांतरण कराया गया है। उक्त भूमि को ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक/क्रेता के नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक **25/06/2024** तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक **12/06/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
मुहर — मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर, में ई.डब्ल्यु.एस. स्वतंत्र भवन क्रमांक- 25, श्री मोहम्मद याकुब पिता श्री अब्दुल गफ्फार, पताः- वार्ड क्रं. 14 शास्त्री नगर, अकोली रोड आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। स्वतंत्र भवन का रजिस्ट्री एवं अधिपत्य किया जाना शेष है। श्री मोहम्मद याकुब की मृत्यु दिनांक 04.11.2021 को हो गया है। श्री मोहम्मद निसार अहमद पिता श्री मोहम्मद याकुब, द्वारा अपने पिता के मृत्यु होने के उपरांत उक्त उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतारण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्री मोहम्मद निसार अहमद पिता श्री मोहम्मद याकुब, के नाम पर नामान्तरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी
परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर

आम सूचना

(हलवाई लाईन मकान क्रमांक RPR757C0171C, 366 / 3 व अन्य )

आम जनता को सूचित किया जाता है कि रायपुर नगर निगम रायपुर, मोहल्ला हलवाई लाईन, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित मकान क्रमांक RPR757C0171C, 366 / 3 में स्थित है, को श्रीमती राजकुमारी धाड़ीवाल पति स्व. प्रमोद कुमार धाड़ीवाल एवं उनके परिवार के लोग उक्त मकान के अलावा अन्य जायदाद भी बिक्री करने की कोशिश कर रहे है, ऐसी हमें जानकारी प्राप्त हुई है। प्रदीपचंद लालचंद लुंकड़ बनाम श्रीमती राजकुमारी धाड़ीवाल एवं अन्य के विरूद्ध सप्तम अति. जिला न्यायाधीश, रायपुर (छ.ग.) जिसका प्रकरण क्रमांक 02B/2021 है, के अदालत में करीबन Rs. 47,00,000/- वसूली का प्रकरण चल रहा है, जो उनके नहीं देने पर उनकी जायदाद बिक्री कर वसूली की जावेगी।

अतः कोई व्यक्ति, संस्था उनकी जायदाद को खरीदने हेतु सौदा न करें और सौदा करने का इकरार भी न करें, अन्यथा वह खरीददार की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

सक्त ताकिद जाने।



# कल से नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में जल संरक्षण व संवर्धन के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का 24 जून से आगाज होने जा रहा है। इस अभियान में पहली बार महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, जो गांव-गांव चौपाल लगाकर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। इस अभियान को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम भी जारी किया है। इसके तहत 24 से 28 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## गांव-गांव में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए महिलाएं चलाएंगी मुहिम



### 11 हजार महिला समूह निभाएंगे भागीदारी

जिले के 11 हजार से अधिक महिला समूह इस अभियान में भागीदारी निभाएंगे। इस अभियान से जुड़ने वाले महिला समूह को जल वाहिनी दीदियां का नाम दिया गया है। ये वाहिनी दीदियां ग्राम पंचायतों में सभा आयोजित करेंगी और बच्चों से लेकर युवाओं-बुजुर्गों सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाएंगी।

### 25 को जागरूकता रैली

इस अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत 24 जून को जल चौपाल व शपथ दिलाई जाएगी, 25 जून को रैली, बैनर एवं दीवालों में लेखन से प्रचार-प्रसार कर घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट एवं नलकुओं में रीचार्ज स्ट्रक्चर के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार 26 जून को जल स्त्रोतों की सफाई, शासकीय भवनों में वाटर हॉर्वेस्टिग सिस्टम, पेयजल के स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढों की साफ-सफाई एवं निर्माण, नालों में गाद की सफाई, कुओं की सफाई तथा 27 जून को वृक्षारोपण एवं सोकपिट का निर्माण, वर्षा जल को संचित करने रीचार्ज पिट, डाईक का निर्माण और 28 जून को जल की गुणवत्ता की जांच और मल्चिंग, फसल चक्र और जैविक खेती की तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी की नमी को संरक्षित करने, कृषि में पानी को कम करने, साथ ही मृदा में नमी मात्रा का परीक्षण एवं नालों में जलबहाव की मात्रा का परीक्षण किया जाएगा। विदित हो कि इस अभियान को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह बैठक ले चुके हैं। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री, पद्मश्री और सांसद का रजक ताज से किया अभिनंदन

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा ईडन गार्डन रायगढ़ में महाधिवेशन और रजक महोत्सव मनाया गया। इस अधिवेशन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पद्मश्री रामलाल बरेठ सहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस आयोजन में आने वाले थे, परंतु कुछ प्रशासनिक जरूरी काम आ जाने के कारण वे नहीं आ सके, उनके प्रतिनिधि के रूप में हम स्वयं पहुंचे हैं। समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही।

### डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अद्वितीय प्रयासों' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया।

### ग्रामीणों को योग का कराया अभ्यास



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धरसींवा विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कांटाडीह में शनिवार को योगाभ्यास कार्यक्रम हुआ।




कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, पालकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत के पंच पुरुषोत्तम यादव एवं शिक्षक रमाकांत यादव ने ग्रामीणों को योग का महत्व बताते हुए सरल आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मणिलाल परमार, लीलेश्वर साहू, बुधा यादव, गुलापा साहू, तिलक दास मानिकपुरी, हेमलता दलाल, फौजिया अली, डीएस पटेल आदि शामिल हुए।

## पूर्व सीएम बघेल को नवरंगे के पिता, भाई ने आवेदन देकर लगाया गंभीर आरोप

# बलौदाबाजार घटना में कांग्रेस नेताओं का नाम लेने पुलिस बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, गिरौदपुरी के महकोनी गांव में 15-16 मई को जैतखाम को क्षति पहुंचाई गई थी। उसके बाद 10 जून को बलौदाबाजार में विरोध प्रदर्शन हुआ। आयोजनकर्ता में से एक किशोर नवरंगे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो पुलिस रिमांड पर है। उसके पिता, भाई और जीजा के साथ सतनामी समाज के लोगों ने मुझसे मिलकर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया कि उसके साथ मारपीट की जाकर मानसिक प्रताड़ता दी जा रही है। गंभीर बात यह है कि वो कह रहे हैं कि कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम ले, तो उन्हें छोड़ देंगे। उससे गंभीर बात यह है कि वहां कलेक्टोरेट ले जाते हैं, रोज शाम को वीडियोग्राफी करते हैं। उसके हाथ में पत्थर पकड़ाया जाता है, उसे फिंकवाते हुये, उसे डंडा पकड़ाते हैं, उसे मारते हुये वीडियोग्राफी कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने शनिवार को अपने सिविल लाइंस के बंगले में संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पीड़ित के परिजनों का आवेदन आया है, वो बहुत ही गंभीर है। समाज की जो मांग है, जैतखाम को किसने क्षति पहुंचायी, उस पर पुलिस जांच नहीं कर रही है, बल्कि इस घटना को दूसरी दिशा में ले जाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं का नाम लो, इस प्रकार के दबाव बनाने का कृत्य पुलिस कर रही है। उन्होंने इसे घोर निंदनीय बताते हुए कहा, घटना की निष्पक्ष जांच हो, इस प्रकार से प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिये। जिन्होंने गलत किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

- जांच में दूध का दूध व पानी का पानी होने जा रहा, उससे घबराकर अनर्गल आरोप लगा रहे : रंजना

### विधायकों की कमेटी से हो जांच

बलौदाबाजार की जो घटना हुयी और जो अभी मेरे पास आवेदन आया, मेरा मानना है कि जो निरापराध है उसकी गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिये। भाजपा के समर्थक लोगों को पुलिस क्यों नहीं पकड़ रही है? पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में भाजपा और आरएसएस के लोगों ने षड़यंत्र किये हैं। मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। विधानसभा में विधायकों की कमेटी बनाई जानी चाहिये।

### क्या भूपेश हिंसा का नेतृत्व कर रहे थे : रंजना

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक, बलौदा बाजार घटना की जांच समिति की सदस्य रंजना साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अनर्गल प्रलाप पर पलटवार करते हुए कहा, बलौदाबाजार में जितनी हिंसा हुई, उससे उनका पेट नहीं भरा है। वे अभी भी आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस प्रकार से आरोपियों के रिश्तेदार उनके पास पहुंच रहे हैं, उससे यह बात और पुख्ता हो रही है कि घटनाक्रम की पूरी रिपोर्टिंग भूपेश बघेल को भी हो रही थी। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार की दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा व आगजनी के पीछे नेतृत्व वही कर रहे थे और अब चूंकि जांच चल रही है, उससे वे घबरा रहे हैं और घबराहट में यह अनर्गल प्रलाप रहे हैं।

### यह सुनियोजित राजनीतक षड्यंत्र

रंजना साहू ने कहा, बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भीषण वारदात एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र है और इसमें कांग्रेस की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश सरकार की प्रारंभिक जांच भी इसी दिशा में स्पष्ट संकेत कर रही है। कांग्रेस ने आंदोलन को हिंसक दिशा देने की सुनियोजित तैयारी की थी। तथाकथित आंदोलनकारियों के आने-जाने के लिए वाहन, 15 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की थी। साजिश में संलिप्तता का खुलासा होने पर राजनीतिक नौटंकियां करके दबाव बनाने की कांग्रेसियों की ओछी राजनीति अब सफल नहीं होगी।

## राशनकार्डों का नवीनीकरण करने ई-केवायसी 30 तक कराएं

70 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण पूरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में प्रचलित राशनकार्ड के नवीनीकरण एवं राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त श्रेणी के राशनकार्ड अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित, निशक्तजन और एपीएल योजना के राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी एवं राशनकार्डों का नवीनीकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराने कहा गया है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण करने के लिये ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 77 लाख राशनकार्ड हितग्राही हैं। अब तक 70 लाख राशन कार्डधारकों का नवीनीकरण किया जा चुका है। नवीनीकरण के कार्य में पहले पायदान पर बीजापुर जिला है। कुल हितग्राही 71,368 हितग्राहियों में से 71,145 हितग्राहियों ने, द्वितीय स्थान पर नारायणपुर जिला 36,167 हितग्राहियों में से 35,831 हितग्राहियों ने, इसी प्रकार तृतीय स्थान पर सुकमा जिला 78752 हितग्राहियों में से लगभग 78 हजार हितग्राहियों ने अपना राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य करवा लिया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाइल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है।

### राशन दुकानों में निःशुल्क सुविधा

ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए। जिन सदस्यों का बाल आधार बना है, उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा इसके बाद उचित मूल्य दुकान की ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं। राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा निःशुल्क है।

## बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने की मांग, कैडर का एकजाई बनाएं डाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बैकलॉग के सभी पदों पर प्रमोशन का लाभ देने व कैडर का डाटा एकजाई करने की मांग फिर से उठने लगी है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के साथ ही तीन अन्य संघों ने शनिवार को इस मामले को लेकर एकमत होने की जानकारी देते हुए आरएल ध्रुव, विनोद कुमार कोसले ने कहा कि सरकार को अब निर्णय लेना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के साथ ही छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने एकजुट होने का निर्णय लिया है। इसमें अब सोशल जस्टिस लीगल फाउंडेशन ने भी संयुक्त रूप से मांग मनवाने के लिए प्रयास शुरू किया है।

राज्य के चार कर्मचारी-अधिकारी संघों के पदाधिकारियों ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2023 के नियम 5 में नये नियम प्रतिस्थापित करके सूचना दी जाए। अभी मामले को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है। मांग करते हुए कहा कि जब तक फैसला नहीं होता, तब तक वर्ष 2019 की भांति सभी तरह के प्रमोशन पर रोक लगाने आदेश जारी किया जाए। कैडर वाइज मात्रात्मक डाटा एकजाई करके ही विधि के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा प्रमोशन नियम 2023 के नियम 5 को पुनः प्रतिस्थापित करके इसे स्पष्ट किया जाए। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों का आरक्षण अधिनियम 1994 को भारतीय संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प पारित करके राज्य सरकार केंद्र को भेजें। समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया जाता है, तो कर्मचारी-अधिकारी आगामी दिनों में रणनीति बनाने के लिए बाध्य होंगे।

- विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में रखी मांग

## उप मुख्यमंत्री साव से मिले महापौर ढेबर तात्यापारा चौड़ीकरण के लिए मांगे 137 करोड़

मुआवजे की राशि नगर निगम को ट्रांसफर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान राजधानी के तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण मुआवजा की राशि नगर निगम को जल्द ट्रांसफर करने की मांग की। साव को सौंपे पत्र में एजाज ढेबर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ की स्वीकृति दी थी। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास उपलब्ध है।

करीब डेढ़ दशक से अटके तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के मामले को लेकर महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव से मिले। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति के बाद प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं होने से शहरवासियों को आए दिन इस मार्ग पर सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोड चौड़ीकरण के लिए पूर्व कांग्रेस शासनकाल में राज्य सरकार ने बजट में इसका प्रावधान किया था। साथ ही प्रस्ताव को प्रशासकीय मंजूरी भी दी थी। इसी को आधार मानकर महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर पत्र सौंपा। पत्र में महापौर ने कहा कि कुछ दिन पहले एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ प्रभावित व्यापारियों से चर्चा की थी। इसमें व्यापारियों ने उनसे कहा था कि मुआवजे की राशि दिलाने के बाद आगे की कार्यवाही की जाये।

### वार्डों के विकास कार्य के लिए मांगे 20 करोड़

महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र देकर रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास कार्यों के लिए कुल 20 करोड़ का अनुदान तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विदित हो, महापौर एजाज ढेबर और एमआईसी सदस्यों ने इससे पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात कर उनसे इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की थी। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान मुख्य सचिव ने यह बात स्पष्ट कर दी थी कि शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 4 करोड़ रुपये की टोकन मनी जमा है। मुख्य सचिव से मुलाकात कर पत्र सौंपने वालों में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, समीर अख्तर, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, सुंदर जोगी, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, देवेन्द्र यादव, डॉ. अन्नूराम साहू, जोन अध्यक्ष घनश्याम क्षत्री शामिल रहे।

न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग )

**-ः ईश्तहार ः-**

**क्रमांक/Q/वाचक/ तह./2024**

**मंदिर हसौद, दिनांक 12/06/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है आवेदक उर्मिला बाई साहू पति जगमोहन साहू, निवासी-सेमरिया, तहसील- मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ. ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, कि ग्राम - सेमरिया, प.ह.नं- 01, रा.नि.मं.- चंदखुरी, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर में स्थित भूमि **खसरा नंबर 1152/8 रकबा 0.02 हे.** भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक **25.06.2019** को क्रय किया है। उक्त भूमि को क्रय पश्चात आवेदक/क्रेता द्वारा नामांतरण कराया गया है। उक्त भूमि को ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में आवेदक/क्रेता के नाम पर दर्ज करने का निवेदन किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक **25/06/2024** तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक **12/06/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर, में ई.डब्ल्यु.एस. स्वतंत्र भवन क्रमांक- 25, श्री मोहम्मद याकुब पिता श्री अब्दुल गफ्फार, पताः- वार्ड क्रं. 14 शास्त्री नगर, अकोली रोड आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। स्वतंत्र भवन का रजिस्ट्री एवं अधिपत्य किया जाना शेष है। श्री मोहम्मद याकुब की मृत्यु दिनांक 04.11.2021 को हो गया है। श्री मोहम्मद निसार अहमद पिता श्री मोहम्मद याकुब, द्वारा अपने पिता के मृत्यु होने के उपरांत उक्त उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतारण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को श्री मोहम्मद निसार अहमद पिता श्री मोहम्मद याकुब, के नाम पर नामान्तरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी**
**परियोजना नवा रायपुर, अटल नगर**

**आम सूचना**

**(हलवाई लाईन मकान क्रमांक RPR757C0171C, 366 / 3 व अन्य )**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि रायपुर नगर निगम रायपुर, मोहल्ला हलवाई लाईन, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित मकान क्रमांक RPR757C0171C, 366 / 3 में स्थित है, को श्रीमती राजकुमारी धाड़ीवाल पति स्व. प्रमोद कुमार धाड़ीवाल एवं उनके परिवार के लोग उक्त मकान के अलावा अन्य जायदाद भी बिक्री करने की कोशिश कर रहे है, ऐसी हमें जानकारी प्राप्त हुई है। प्रदीपचंद लालचंद लुंकड़ बनाम श्रीमती राजकुमारी धाड़ीवाल एवं अन्य के विरूद्ध सप्तम अति. जिला न्यायाधीश, रायपुर (छ.ग.) जिसका प्रकरण क्रमांक 02B/2021 है, के अदालत में करीबन Rs. 47,00,000/- वसूली का प्रकरण चल रहा है, जो उनके नहीं देने पर उनकी जायदाद बिक्री कर वसूली की जावेगी।

अतः कोई व्यक्ति, संस्था उनकी जायदाद को खरीदने हेतु सौदा न करें और सौदा करने का इकरार भी न करें, अन्यथा वह खरीददार की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

सक्त ताकिद जाने।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपेंगे 2500 पौधे

**रायपुर।** कार्यालय पूज्य छग सिंधी पंचायत गुरुद्वारा रोड तेलीबांधा में शनिवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी ने बताया कि पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप को देखते हुए सिंधी समाज में जागरूकता फैलाने, सचेत करने, आने वाली पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजोन निर्माण करने, दिनेश आनंद फार्म हाउस परसदा-4 में वृक्षारोपण के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के संचालक व संयोजक दिनेश अठवानी ने बताया, अधिक आयुवर्ग के लगभग 2500 पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें नीम, पीपल, बरगद, आम, आंवला, सीताफल, अमरूद, चीकू, मौलश्री व अन्य फलदार वृक्ष शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### भारतीय सिंधु सभा का प्रांतीय सम्मेलन आज

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा छत्तीसगढ़ में 28 शहर इकाईयों का प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में 23 जून को होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुंगेली, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर, कांकेर, महासमुंद, धमतरी, कुरूद, राजिम, बालोद, भानुप्रतापपुर, भिलाई, तिल्दा, चांपा इत्यादि शहर इकाईयों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सिंधु सभा के प्रदेश महासचिव सतीश छुगानी ने बताया कि कार्यक्रम संत युधिष्ठिर लाल एवं संत लालदास साईं चकरभाठा वाले के आशीर्वाद से प्रदेशाध्यक्ष अशोक नैनवानी के नेतृत्व में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतराम छाबड़ा का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री ग्वालियर से आए राजेश वाधवानी करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी होंगे।

## निधन

### संतोष कुमार बसईवाला



रायपुर। विकास विहार कॉलोनी रायपुरा निवासी संतोष कुमार बसईवाला (70) का 21 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. गजानंद बसईवाला के पुत्र और आदित्य, आशुतोष के बड़े भाई एवं हेमंत के पिता थे।

### बिसंतिन यदु



रायपुर। ग्राम तेंदुआ निवासी बिसंतिन बाई यदु (75) का 22 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जून को सुबह 10 बजे गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रामजी यदु की पत्नी व प्रमोद यदु, दिलीप यदु और पंकज यदु की माता थीं।

# भारतीय न्याय संहिता 1 जुलाई से, बदलेंगी हत्या, धोखाधड़ी, रेप समेत अन्य अपराधों की धाराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में पुलिस व कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षण देने जिला प्रशासन ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता-23 पर कार्यशाला आयोजित की। इसमें शामिल वक्ता के तौर पर शामिल हुए हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर के प्रो. अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास ने नए कानून के तहत सजा के प्रावधान व डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मान्यता तथा साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री अनुपमा आनंद सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारी व पुलिस के विवेचनाधिकारी भी शामिल हुए।

नए आपराधिक कानून सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के को-ऑर्डिनेटर प्रो. अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता-23 में पूर्व प्रचलित धाराओं व सजा प्रावधानों में कई बदलाव हुए हैं। उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा-302 अब नए कानून के अनुसार धारा-103 के रूप में दर्ज होगी। गैंगरेप पर धारा-376(डी) की जगह अब नई संहिता के तहत धारा-70(1) के तहत अपराध दर्ज होगा। इसी तरह बलात्कार, जो कि भादवि के तहत धारा-376(3) के तहत दर्ज होता था, वह अब भारतीय न्याय संहिता में धारा-65(1) के तहत अपराध माना जाएगा।

## भारतीय न्याय संहिता-23 पर हुई कार्यशाला, लॉ एक्सपर्ट ने दी नई संहिता की जानकारी

### डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को मिली मान्यता

प्रो. हिना इलियास ने बताया कि गंभीर प्रकरणों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को नए कानून में मान्यता मिली है। भगोड़े अपराधियों पर कानून और भी सख्त बनाया गया है। इन न्यायसंगत सुधारों से जहां छोटे अपराधों में लिप्त आरोपियों को सुधरने का अवसर दिया गया है, वहीं जघन्य अपराधों पर कड़ी सजा होगी। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार कम्युनिटी सर्विस जैसी सजा का प्रावधान कर अपराधियों को सुधरने का अवसर भी दिए जाने का प्रावधान है। न्याय संहिता में ई-एफआईआर का प्रावधान है, जिसमें तीन दिवस की निर्धारित अवधि के भीतर प्रार्थी को संबंधित थाने पर पहुंचकर अपनी पहचान, हस्ताक्षर सत्यापित कराना होगा।

### शामिल हुए प्रशासनिक अफसर




### मददगार साबित होगा नया कानून

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने भारतीय न्याय संहिता को उपयोगी बताते हुए अधिकारियों से कहा कि संशोधित नियमों व संहिता का गहन अध्ययन कर न्याय स्थापित करने, अपराधों की रोकथाम व पीड़ितों की मदद के लिए कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि न्याय संहिता की जानकारी देने नियमित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि थानों में संहिता संबंधी पूरी जानकारी रखें एवं अपने मातहतों को नए कानून के संबंध में नियमित प्रशिक्षण दें।

# बरसात शुरू होते ही सड़क पर जमने लगे घुमंतू मवेशी, पशु पालकों के खिलाफ मुहिम भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आउटर इलाके ही नहीं शहर की सड़कों पर भी घुमंतू मवेशी दे रहे हादसों को न्योता


बरसात की दस्तक के साथ ही आउटर इलाके ही नहीं, बल्कि शहर में भी सड़क पर घुमंतू मवेशी जमने लगे हैं। दिन में किसी तरह लोग बचकर निकल रहे, लेकिन रात में हादसे को न्योता देने वाले मवेशियों की धर-पकड़ भी कम हो गई है। अभी पुरानीबस्ती, रायपुरा, सड्डू, दलदल सिवनी, आमासिवनी, मोवा, गुढ़ियारी और राजातालाब इलाके में 4 सौ से ज्यादा मवेशी पालक वार्डों में हैं। डेयरी चलाने वालों के खिलाफ निगम की अधूरी मुहिम के कारण रिकार्ड भी नहीं है।

राजधानी में इस बरसात में भी मवेशी आने-जाने वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। कचना मार्ग के आस-पास कई पॉश कॉलोनियां हैं। इनके आने-जाने के लिए बनवाई गई सड़क पर घुमंतू मवेशी अब लोगों का रास्ता रोकने लगे हैं। ऐसे ही हालात अब खमतराई व भनपुरी चौक के बीच भी देखने को मिलने लगा है। रात में स्ट्रीट लाइट बंद होने से दोपहिया चालक अचानक मवेशी सामने आने से उन्हें बचाने के प्रयास में चोटिल भी हो रहे हैं।

गुरुवार की रात खमतराई ओवरब्रिज के पास एक्टिवा चालक दुर्घटना का शिकार हुआ। आने-जाने वाले लोगों ने दोपहिया चालक को उठाया, चोट गहरी नहीं थी मगर दोपहिया टूट-फूट का हिस्सा बना। इसी तरह भनपुरी रिंग रोड से टाटीबंध के बीच हाईवे पर जरवाय, अटारी, कोटा क्षेत्र के घुमंतू मवेशी सड़क पर आने लगे हैं।

### सर्वे के बाद कार्रवाई ठप

निगम सूत्रों ने बताया कि 5 साल पहले जिम्मेदारों ने सभी जोन आयुक्तों से पशु पालकों व डेयरी संचालकों की जानकारी मंगाई थी। इसमें 400 से ज्यादा पशु पालकों की जानकारी सामने आई। तब जोन आयुक्तों ने उन्हें गाइडलाइन के तहत डेयरी को वार्डों से बाहर करने के लिए अल्टीमेटम दिया। सभी पशु पालकों ने समय मांगने के बाद व्यवस्था नहीं बदली। तब जोन स्तर पर घुमंतू मवेशियों के लिए रोका-छेका शुरू किया गया। जुर्माना करने का प्रावधन भी किया गया था। अभी कार्रवाई की रफ्तार कम होने से अव्यवस्था की स्थिति बन रही है।





### कार्रवाई के लिए सभी जोन को निर्देश

बरसात में मवेशी सड़क पर ज्यादा आते हैं। इसे देखते हुए सभी जोन आयुक्तों को कार्रवाई के लिए निर्देश है। जिस क्षेत्र की समस्या बता रहे हैं, उसे संज्ञान में लिया जाएगा। घुमंतू मवेशियों को काजी हाउस में रखने का प्रावधान है। - *विनोद कुमार पांडेय, अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर*

### इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा

अभी विधानसभा मार्ग, भनपुरी से टाटीबंध, कुशालपुर मार्ग, रायपुरा में महादेवघाट क्षेत्र की सड़कों पर मवेशियों का झुंड देखने को मिल रहा है। इस तरह की स्थिति मोवा ओवरब्रिज से मोवा बस्ती, दलदल सिवनी होते हुए सड्डू आने-जाने वाले लोगों को भी रोज दिक्कतों का सामना है। इतना ही नहीं भाठागांव बस स्टैंड से रिंग रोड के बीच भी इसी तरह की अव्यवस्था देखने को मिल रही है। जोन की टीम ने कार्रवाई कम कर दिया है। इसकी रोकथाम के लिए अभियान भी कम हो गया है। इससे भनपुरी रिंग रोड से टाटीबंध, गोगांव में मवेशी जमने लगे हैं।

## सराफा चुनाव आज

# मतदान के बाद मतगणना भी, रात तक आएंगे नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव रविवार को राजधानी रायपुर में पुजारी पार्क के मानस भवन में होगा। सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना होगी। रात तक परिणाम आ जाएगा। चुनाव में बिलासपुर-रायपुर के एकता पैनल और दुर्ग-रायपुर के जय सराफा पैनल के बीच सीधा मुकाबला होगा। दो साल विलंब से सराफा एसोसिएशन का चुनाव लंबे समय तक चले विवाद के बाद अब जाकर हो रहा है। इतिहास में पहली बार चुनाव की पूरी प्रक्रिया हो रही है। पहली बार बैलेट पेपर से मतदान होगा। इसके पहले नामांकन की पूरी प्रक्रिया की गई है। नामांकन में सबसे पहले बिलासपुर के कमल सोनी ने अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। इसके बाद बिलासपुर के एकता पैनल से ही रायपुर के प्रकाश गोलछा ने जहां महासचिव के लिए नामांकन भरा, वहीं बिलासपुर के हर्षवर्धन जैन ने कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन किया। नामांकन के अंतिम दिन दुर्ग और रायपुर सराफा के पदाधिकारियों ने मिलकर जय सराफा पैनल बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए दुर्ग सराफा के प्रकाश सांखला, महासचिव पद के लिए रायपुर के उत्तम गोलछा और कोषाध्यक्ष पद के लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश भंसाली ने नामांकन भरा।

### 273 मतदाता करेंगे मतदान

मतदान के लिए 91 एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष मतदान करेंगे। ऐसे में एक एसोसिएशन से तीन मतदाता होंगे। कुल 273 मतदाताओं को मतदान करने का मौका मिलेगा। मतदाताओं को मतदान के लिए शासकीय फोटोयुक्त अपना परिचय पत्र लाना होगा। मतदान के दो घंटे बाद मतगणना होगी और परिणाम जारी किए जाएंगे।

# नए बाथरूम में पानी निकासी व्यवस्था नहीं, इसलिए दो माह से यूज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग में बाथरूम के रेनोवेशन में ठेकेदार की लापरवाही उजागर

कलेक्टोरेट के राजस्व विभाग कार्यालय में बने बाथरूम को रेनोवेशन किया गया है। रेनोवेशन में लाखों रुपए खर्च कर बाथरूम को चकाचक बनाया गया है, लेकिन इसके बाद भी इस बाथरूम का उपयोग शून्य है। बाथरूम को रेनोवेशन करने का जिस ठेकेदार को ठेका दिया गया था, उसने बाथरूम को टेंडर के अनुसार चकाचक तो कर दिया है, लेकिन पानी निकासी के लिए व्यवस्था करना ही भूल गया है। इसके कारण इस बाथरूम के पूरे फर्स पर गंदा पानी भर जाता है। इसके कारण इस बाथरूम का कर्मचारी उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं।



कर्मचारियों को मजबूरी में अब जिला पंचायत भवन की बिल्डिंग, रेडक्रास भवन या फिर रजिस्ट्री कार्यालय के बगल में बने स्मार्ट टॉयलेट में जाना पड़ता है, जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# माइनिंग घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए पांच में से तीन जेल दाखिल, दो की मिली रिमांड

गिरफ्तार किए गए आरोपी लेवी वसूली की रकम का कलेक्शन एजेंट का काम करते थे

**रायपुर।** माइनिंग घोटाले के आरोप में पूर्व में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें शनिवार को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। पेश किए गए आरोपियों में से तीन को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। जांच एजेंसी के आवेदन पर शेष दो को 28 जून तक पूछताछ करने रिमांड दिया गया है।

लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा के मुताबिक कोर्ट ने मोइनुद्दीन तथा रोशन को ईओडब्लू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू के वकील ने कोर्ट को बताया कि पारेख कुमार कुर्रे, वीरेंद्र कुमार जायसवाल तथा राहुल कुमार से पूछताछ पूरी हो चुकी है। लोक अभियोजक की दलील के बाद कोर्ट ने तीनों को एक जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

***महादेव एप याचिका पर छह जुलाई को सुनवाई :*** एक अन्य मामले में महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद चंद्रभूषण वर्मा द्वारा कोर्ट में आवेदन पेश किया गया था। कोर्ट में पेश आवेदन में बचाव पक्ष के वकील ने अपने पक्षकार को झूठे केश में फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रकरण निरस्त करने की मांग की है, जिसकी सुनवाई शनिवार को होनी थी, लेकिन कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील के उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई अब छह जुलाई को होगी।

### जोगी बंगला जर्जर...

योजना थी। नई सरकार आने के बाद यहां की जमीन के उपयोग के बारे में निर्णय लिया जाना है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सरकार के समय पीडब्ल्यूडी की राजधानी में सैकड़ों एकड़ जगह खाली पड़ी है या उसमें ऐसा निर्माण है, जो अनुपयोगी हो चुका है। इनका व्यावसायिक उपयोग कर विभाग ने अपनी आय बढ़ाने की योजना तैयार की थी। रायपुर के प्रोजेक्ट में सागौन बंगला भी शामिल था। सरकारी संपत्ति का उपयोग आमदनी के लिए कटोरातालाब और सिविल लाइंस के बीच की बेशकीमती सरकारी जमीन पर जल्दी ही कमर्शियल और रेसीडेंशियल कांप्लेक्स बनाने की योजना बनी थी। सागौन बंगला से लगे पीडब्ल्यूडी के दफ्तर और पुराने क्वार्टर वगैरह हैं, जिन्हें तोड़कर साढ़े 5 एकड़ का प्लाट निकाल कर और उसमें निर्माण शुरू करना था। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले कटोरातालाब वाले परिसर में कमर्शियल व रेसीडेंशियल कांप्लेक्स बनाने की योजना थी।

### कंटेनर पलटने से...

गुजर रहा युवक ट्रेलर में लोड कंटेनर के नीचे दब गया। कंटेनर की चपेट में आने वाले युवक का नाम फुंडहर निवासी विक्की राय है। पुलिस के मुताबिक रायपुर से राजिम की ओर चलने वाली लक्ष्मी ट्रैवल्स की बस संतोषी नगर ओवरब्रिज पर चढ़ रही थी। इसी दौरान पीछे से एक कार चालक बस को ओवरटेक करते हुए ब्रिज पर चढ़ा। बस तथा कार के पीछे तेज रफ्तार ट्रेलर एपी 31 टीएच 7943 के चालक ने सामने बस तथा कार को देखा। इस दौरान ट्रेलर चालक ने तेजी से ब्रेक लगाया। ब्रेक लगाने पर ट्रेलर बस के बांए साइड को ठोकर मारते हुए पलट गया। ट्रेलर पलटने से उसमें लोड कंटेनर ट्रेलर से अलग हो गया और पास से गुजर रहा विक्की कंटेनर के नीचे बुरी तरह दब गया। **बेबस, लाचार युवक की जिंदगी बचाने गुहार :** कंटेनर के नीचे दबा विक्की दर्द से कराहते हुए लोगों से हाथ जोड़ कर अपनी जिंदगी बचाने गुहार लगाता रहा। मौके पर उपस्थित लाचार लोग विक्की को सबकुछ ठीक होने का ढाढ़स दिलाने के अलावा और कुछ नहीं कर पाए। इस दौरान कुछ लोग युवक के पीने के लिए पानी की व्यवस्था करते दिखे। **वाहनों की लगी लंबी कतारें :** ट्रेलर पलटने की घटना के बाद रायपुर दुर्ग मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। रास्ते से कंटेनर तथा ट्रेलर हटाए जाने के बाद ही मार्ग क्लीयर हुआ। मार्ग क्लीयर कराने में पुलिस को पौन घंटे से ज्यादा का समय लगा। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### युवक को बाहर...

लेकिन सारी कोशिशें बेकार रहीं। इस दौरान एक अन्य युवक विक्की का सिर अपनी गोद में रखकर ढाढ़स बंधाते रहा। इस दौरान पुलिस ने जेसीबी तथा क्रेन की मदद से कंटेनर को उठाने की कोशिश शुरू की। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन के नीचे दबे युवक को पुलिस ने बाहर निकाला और एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया।

## पेज 11 के शेष ...

### सामान्य बीमारी के...

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के नाम पर निजी अस्पतालों में भारी गड़बड़ी हो रही है और बेहद कम शिकायत ही स्टेट नोडल एजेंसी के पास पहुंच पाती है। टीम की जांच भी काफी धीमी होती है और कई अस्पताल कार्रवाई से बच जाते हैं। जून के शुरुआती दिनों में इस योजना का संचालन करने वाली स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने 28 अस्पतालों को नोटिस जारी कर उनके उपचार व्यवस्था में गड़बड़ी होने का संदेह जताया था। इस आधार पर उनसे जवाब और दस्तावेज मांगे गए थे। बीस दिन की जांच के बाद टीम ने केवल दो अस्पतालों को दोषी ठहराया और उन पर जुर्माना किया है। गरियाबंद के मां यशोदा हास्पिटल पर 6.60 लाख और महासमुंद के श्री राम हास्पिटल पर 14.97 लाख का फाइन किया है। अफसर शेष अस्पतालों को अभी दोषी नहीं ठहरा पाए हैं। दोनों अस्पतालों ने सामान्य समस्या की शिकायत वाले मरीजों को गंभीर मानते हुए योजना में उन्हें आईसीयू का मरीज बताकर इलाज किया था। अधिकारियों का कहना है कि उनके द्वारा बचाव में पेश किए गए दस्तावेज संतोषजनक नहीं थे, इसकी वजह से उन्हें दोषी पाया गया है।

### सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त...

की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप में सेवानिवृत्त अकाउंटेट अरुण कुमार बैसवाड़े तथा असिस्टेंट क्लर्क संजय कुमार शर्मा को ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि असिस्टेंट क्लर्क चंद्रशेखर डग्गर तथा अरुण कुमार के सेविंग डिपॉजिट अकाउंट की जांच करने पर दोनों के अकाउंट में उनके सैलेरी से ज्यादा राशि होने के साथ लेन-देन की जानकारी मिली। **मिलीभगत कर गबन :** बैंक मैनेजर ने पुलिस को जानकारी दी है कि चंद्रशेखर के अलावा गिरफ्तार किए गए अरुण कुमार तथा संजय कुमार ने पूर्व सहायक लेखापाल शाखा सीओडी के साथ मिलिभगत कर ग्राहकों की एफडी तथा डीडी इंट्रेस्ट पैड अकाउंट से राशि आहरण की है। ग्राहकों के अकाउंट से तीनों ने अपने-अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर अमानत में खयानत की है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

### दो दिन की बारिश...

विहार, हिमांचल नगर, वामनराव लाखे वार्ड की प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3, शुक्ला कालोनी, बंजारी नगर, तुलसीनगर में जलभराव ने लोगों को बेचैन किया। नगर निगम प्रशासन बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई और निकास नाली की व्यवस्था करने में फिसड्डी साबित हुआ है। शुक्रवार को हुई बारिश से दर्जनभर से ज्यादा इलाके में सड़क से लेकर गलियों और लोगों के घरों के सामने घंटों नाली का बदबूदार गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बहा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा गठित बाढ़ आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारी प्रभावित इलाकों में झांकने तक नहीं आये। **रावतपुरा फेज 2 का बुरा हाल :** शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के रावतपुरा फेज 2 कालोनी में 800 परिवार निवास करते हैं। रोड नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने का खामियाजा रहवासियों को भुगतना पड़ा। घरों व दुकानों के सामने वाली सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से रहवासियों को बाहर आने-जाने में दिक्कत हुई। यही हाल गोकुलनगर अटलविहार मठपुरैना का रहा, जहां मटमैला पानी पूरी सड़क पर जमा होने से कालोनी वासी त्रस्त रहे।

### स्टेशन में यात्रियों को...

पाई है। हरिभूमि ने जब शिकायतों की पड़ताल की, तो पता चला कि स्टेशन में यात्रियों को समोसा और पैकेट में थेपला तथा सैंडविच पसंद नहीं। यात्रियों की शिकायत रही है कि पैकेट खाने से स्मेल आती है। इसके अलावा ट्रेनों में भी यात्रियों ने गर्म ताजा खाना नहीं मिलने और खाने में चीटी होने की भी शिकायत रेल मदद से मिली है। ट्रेनों में बासी खाने के साथ गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई की शिकायत बढ़ने के बाद अब लोगों ने बाहर से खाना मंगाना शुरू कर दिया है। ई-केटरिंग और पेंट्रीकार से खाना की मांग अब कम होती जा रही है। **ठंडा समोसा और सड़े आलू बिगाड़ रहे सेहत :** प्लेटफार्म पर ठंडे समोसे, कचौड़ी और अवैध रूप से यात्रियों को परोस रहे अंडा बिरयानी यात्रियों का स्वाद और सेहत दोनों बिगाड़ रहे हैं। स्टेशन में अंडा बिरयानी प्रतिबंधित होने से इसे चोरी छिपे बेचा जाता है, जिसे यात्रियों ने नापसंद किया है। रायपुर स्टेशन में यात्रियों की ओर से शिकायत रही है कि समोसा बनाने के लिए खराब हो चुके आलू का उपयोग हुआ है। प्लेटफार्म पर ठंडा समोसा ही परोसा जाता है, जो एक दिन खत्म नहीं होने पर दूसरे दिन गर्म करके भी परोसते हैं। इस वजह इसका स्वाद भी बदल जाता है। स्टेशन में समोसा, कचौड़ी जांच में अमानक पाए गए हैं। इसके अलावा प्लेटफार्म पर पैकेट में थेपला मिलता है, जो तीन से चार दिन के बाद एक्सपायर हो जाता है। इसे बेचने को लेकर शिकायत मिली है। दो सालों से स्टेशन प्रबंधक को दर्जनों शिकायत ऑनलाइन मिली हैं। **गर्म खाना नहीं मिलने की सर्वाधिक शिकायत :** चार साल पहले हावड़ा-अहमदाबाद ट्रेन में परोसे गए खाना में रेलवे प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। कर्मचारियों ने एक यात्री को कॉकरोच वाला खाना परोस दिया था, जिसकी शिकायत डोगरे दंपत्ति ने की थी। वहीं, ट्रेन में कीड़ा वाला खराब खाना मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। वर्तमान में यात्रियों को ट्रेन में ताजा और गर्म खाना नहीं मिलने को लेकर शिकायत सर्वाधिक है। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में कई बार चीटी चल रही होती है। दही का स्वाद भी खराब होता है। सलाद भी ताजा नहीं मिलता। मेल व एक्सप्रेस के खाने में सबसे ज्यादा शिकायतें हैं।

प्रथम पुण्यतिथि



निर्वाण तिथि: 23.6.2023

स्वर्गीय सरदार भजन सिंघ होरा जी की

याद आता है वो प्यार, जो उनकी हर डांट के पीछे छुपा रहता था।
याद आता है वो पल, जो उनके साथ गुजारा था।
पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि।

शोकाकुल
सरदारनी हरमीत कौर होरा (पत्नी)
स. भुपिन्दर सिंघ होरा (पारस) (पुत्र)
स. करमवीर सिंघ होरा (पौत्र)
स. गगनदीप सिंघ होरा (चीनू) (दामाद)
एवं समस्त होरा परिवार

भारत किराया भंडार, रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क- 9425208181, 9826808181

# अब काजू ने खाया भाव, एक सप्ताह में दो सौ रुपए बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ दूध की कीमत में इजाफा होने के बाद जहां मिठाई कारोबारी मिठाई की कीमत में इजाफा करने की तैयारी में हैं, वहीं अब काजू की कीमत के भाव खाने के बाद काजू कतली की कीमत को लेकर भी मंथन किया जा रहा है कि इसकी कीमत में कितना इजाफा किया जाए। एक सप्ताह में काजू की कीमत दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है। इसकी कीमत बढ़ने का कारण काजू के बीजों की कीमत बढ़ना बताया जा रहा है। इसी के साथ मखाना की कीमत भी दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है।

## मिठाई कारोबारी काजू कतली की कीमत बढ़ाने की तैयारी में

### मखाना की कीमत भी बढ़ी

मखाना की कीमत में भी इजाफा हो गया है। यह बिहार से आता है। एक सप्ताह पहले इसकी कीमत 600 से 700 रुपए थी, जो 900 रुपए हो गई है, कारोबारियों के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स की कीमत में अब दीपावली तक कमी की कोई संभावना नहीं है। आने वाले समय में दूसरे आइटमों की कीमत में भी इजाफा होगा।



### बीज की कीमत बढ़ने का असर

काजू का बीज जहां ब्राजील से आता है, वहीं कर्नाटक से भी बीज आता है। इसकी कीमत में इजाफा होने के कारण काजू की कीमत एक सप्ताह में करीब दो सौ रुपए किलो तक बढ़ गई है।

- अजय कृष्णानी, थोक कारोबारी

ड्राई फ्रूट्स की कीमत काफी समय से नहीं बढ़ रही थी, लेकिन अब इसकी कीमत में भी तेजी आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। अभी काजू की कीमत में इजाफा हुआ है। काजू कतली के उपयोग में आने वाला टूटा काजू जो बीते सप्ताह थोक में 55 सौ रुपए दस किलो था, वह 75 सौ रुपए हो गया है। इसी के साथ खाने के काम में आने वाला छोटी साइज का काजू थोक में दस किलो जो पहले 58 सौ रुपए था, वह अब 75 सौ रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 200-220 रुपए पाव और 850 सौ रुपए किलो बिक रहा है। जयपुर का बड़ी साइज का काजू जो पहले 950-1000 रुपए किलो था, वह अब 12 से 13 सौ रुपए किलो हो गया है। यह चिल्हर में 15 सौ रुपए तक बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### आमा तालाब सौंदर्यीकरण, उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** देवपुरी स्थित आमा तालाब में सीसी रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आमा तालाब क्रमांक 1 एवं क्रमांक 2 दोनों तालाब जो कि आसपास लगे हुए हैं, तालाब के चारों ओर सीसी रोड एवं पाथवे का निर्माण किया जाना है, जिससे लोगों को मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। इसकी लंबाई एवं चौड़ाई लगभग 6 मीटर प्लस 600 मीटर है। दोनों तालाब से देवपुरी बस्ती के अलावा टॉवर, हर्ष विला, देवनगर एवं माता कौशल्या विहार का आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। इसके अलावा दोनों तालाबों के चारों तरफ दो से तीन स्थान पर पचरी निर्माण की आवश्यकता है। जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में एनआर नायडू, हिरेंद्र देवांगन, ऋषि बारले, पीके साहू, आईपी खटीक, खेदूराम साहू, आरडी दाहिया, शंकर गिलहरे, गजेंद्र साहू, जियाउल हक, तिहारू साहू, वीरेंद्र यादव, बी. देवनाथ, उमेश साहू, गौकरण साहू, डीके सरकार एवं केके सिंह उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जो कि राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों के हितों के लिए गठित है, लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने से उनके पूर्व में लंबित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, वहीं व्यथित व्यक्ति नया आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव शीघ्र ही अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जागृति मंडल में मनाया समक्ष का स्थापना दिवस



**रायपुर।** डॉ. हेडगेवार जनशताब्दी समिति फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा संघ कार्यालय जागृति मंडल में गत दिनों समक्ष का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 30-32 लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समक्ष द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसी दौरान अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश चटर्जी, सतीश कुमार, डॉ. रोहन दीक्षित, डॉ. संगीता कश्यप, शिवनाथ ठाकुर, नरेंद्र जैन, रामजी राजवाड़े, पुरषोत्तम जैन आदि शामिल हुए।

## शिकायत : लाइन लगाने के बाद भी बैरंग लौट रहे कार्डधारी

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ बांट रहे नए राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**

- आधे से अधिक कार्ड बनकर नहीं आये
- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा मजाक बना दिया



राजधानी में लोकसभा चुनाव के बाद नए राशनकार्ड वितरण का कार्य जोन और वार्डों के माध्यम से शुरू हो गया है, पर आधी-अधूरी तैयारी के साथ नए राशनकार्ड वितरण करने से आम उपभोक्ता परेशान है। लाइन लगाने के बाद नंबर आने पर राशनकार्ड बनकर नहीं आने की शिकायत मिलने लगी है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के वार्ड में इस तरह की कई शिकायतें आई हैं। उन्होंने जब संबंधित विभागीय अधिकारी से जानकारी ली तो पता चला कि शहर में आधे से अधिक राशनकार्ड खाद्य विभाग से बनकर नहीं आये।

विदित हो कि शहर में राशनकार्ड वितरण व्यवस्था लचर होने से लोग परेशान हैं। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के राशनकार्ड पूरे बनकर नहीं आये। आउटर के वार्डों में अभी तक खाद्य विभाग से पीडीएफ नहीं मिलने से राशनकार्ड का वितरण शुरू नहीं हो पाया है।

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है राशनकार्ड वितरण को जनता के लिए मजाक बनाते हुए आधी अधूरी तैयारियों के साथ राशनकार्ड का वितरण वार्डों में प्रारंभ कर दिया गया है। यह पूरी तरह गलत है। वास्तविकता यह है कि आधे से अधिक राशनकार्ड तो खाद्य विभाग से बनकर ही नहीं आये।

### कार्ड बांटने गिनती के कर्मचारी

राशनकार्ड वितरण स्थल पर अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। शहर के अंदरूनी और आउटर के वार्डों में हजारों कार्ड बांटने के लिए सिर्फ एक या दो कर्मचारी ही उपलब्ध हैं। इसके अलावा परिसीमन के बाद जो नये वार्ड बने हैं, वह भी अपडेट नहीं किया गया है।

अधिकारियों का कहना है खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशनकार्ड का पीडीएफ पेन ड्राइव में दे दिया जा रहा है, इसके बाद नगर निगम के जोन में उसे प्रिंट कराना, कवर लगाना, स्टेपलर करना, सील लगाना तथा उसे अल्फाबेट अनुसार जमा कर वितरण किया जाना काफी पेचीदा काम हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जब तक खाद्य विभाग और नगर निगम नए राशनकार्ड की प्रक्रिया को पूर्ण नही कर लेते, तब तक जनता को पुराने राशनकार्ड से ही राशन वितरण करना पडेग़ा। ऐसा नहीं होने पर जनता के साथ जनप्रतिनिधि आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर निगम आयुक्त से उन्होंने आग्रह किया कि नये राशनकार्ड बनाने और वितरण करने में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाये।

# जीएसटी काउंसिल ने चैंबर की मांग पर लिए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में शनिवार को कई अहम निर्णय लिये गये। इसमें 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। इसी तरह फाइलिंग में संशोधन करना अब आसान कर दिया है। यही नहीं, ब्याज के गणना प्रावधान में परिवर्तन हुआ है। इसे लेकर चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- फाइलिंग में संशोधन आसान, ब्याज की गणना प्रावधान में परिवर्तन

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी को पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित किया गया था। इस पर ध्यान देते हुए व्यापारी हित में निर्णय लिये गये।

इसमें धारा 73 के तहत मामलों के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की गई है। वित्त मंत्री ने 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। फाइलिंग करना अब आसान हो गया है। करदाताओं को जीएसटी-1 में घोषित या घोषित राशि में संशोधन करने या जोड़ने की अनुमति देने के लिए परिषद ने जीएसटी-1 फॉर्म के माध्यम से एक नई प्रक्रिया लाई है। जीएसटी कर प्रणाली में ब्याज गणना के प्रावधान में परिवर्तन कर देय तिथि तक इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में उपलब्ध राशि पर ब्याज नहीं लिया जाएगा। पूर्व में यह केवल क्रेडिट लेजर के लिए उपलब्ध था। इससे करदाताओं को राहत मिलेगी।



### मंडी शुल्क में छूट को लेकर कृषि मंत्री से की मुलाकात

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ट्रेडर्स व्यापारियों, किराना, दलहन और अनाज पर मण्डी शुल्क सहित कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने की मांग की। इसी तरह धान आधारित पोहा उद्योगों को राहत देने का आग्रह करते हुए अनुरोध पत्र सौंपा है। कृषि मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,कार्यकारी विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री-नीलेश मूंदड़ा, जवाहर थौरानी, जयंत मोहता, छत्तीसगढ़ पोहा मुरमुरा उत्पादक महासंघ भाटापारा से अनिल रोचलानी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पंडरी बस स्टैंड की रिक्त जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव से शनिवार को प्रदेश के सराफा कारोबारियों ने मुलाकात कर पंडरी बसस्टैंड की खाली जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, चूंकि यह शहर के बीच व सुरक्षित क्षेत्र में है, इसलिए इस भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण होता है, तो इससे शासन के राजस्व में वृद्धि एवं सराफा व्यवसाय के विस्तार की संभावना बढ़ेगी।

- सराफा कारोबारी मिले डिप्टी सीएम अरुण साव से

श्री मालू ने बताया, वर्तमान में यह भूमि लगभग 8.50 एकड़ है इसके लिए पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क के लिए योजना बनाई गई थी और इसके लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने धरातल पर लाया गया था, किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया।

अब इसी स्थान पर जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण करने की मांग रखी गई है। श्री साव से मिले प्रतिनिधिमंडल में कमल सोनी, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्धन जैन, पवन सोनी, गौतम लोढ़ा, संजय कानूगा, प्रकाश सोनी, विजय सोनी व अन्य सराफा कारोबारी शामिल थे।

## शहरभर में कई संस्थाओं ने मनाया योग दिवस

### योग प्रशिक्षुओं ने आस्था का किया



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की योग समिति की प्रभारी द्वारा कई महीनों से प्रतिदिन योग की ऑनलाइन क्लासेस चलाई जा रही है। चौबे कॉलोनी स्थित मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शुक्रवार को योग दिवस के सफलतम आयोजन के बाद योग प्रशिक्षुओं ने आस्था काले को विभिन्न उपहार और पौधे सौंपकर अभिनंदन किया। योग समिति प्रभारी आस्था काले प्रतिदिन सुबह 6.15 से 7.15 बजे तक निशुल्क ऑनलाइन योग क्लासेस चला रही हैं। आस्था का अभिनंदन करने के लिए योग प्रशिक्षु शिल्पा चांदोकर, प्रणिता नलगुंडवार, अर्चना जतकर, लीना केलकर, डॉ. अलखनंदा नारद, दीपांजलि भालेराव और संध्या खंगन उनके बूढ़ापारा स्थित निवास पर जुटीं।

### योग से होने वाले फायदे की दी जानकारी

**रायपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में योग कार्यक्रम हुआ। योग कार्यक्रम में लोगों को योग के महत्व और दैनिक जीवन में उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक श्री वर्मा सर व ग्रामवासियों के साथ केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, सनील जांगड़े, चेतना साहू, शिखा साहू व रेणुका वर्मा, विनोद साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, हेम साहू, प्रियांश कुमार निषाद, अवेंद्र, प्रकाश चंद कुर्रे, एम. लीलेश आदि उपस्थित रहे।



### योगाभ्यास से होती है शारीरिक क्षमता में वृद्धि

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच भाठागांव ने ढेबर सिटी गार्डन में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे योग प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर मंच के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमारी शारीरिक तथा मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करता है, जिससे व्यक्तित्ववान समाज स्थापना को बल मिलता है। ऐसे स्वस्थ समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। इस प्रकार योग के माध्यम से हम देश के विकास की मुख्यधारा में जुड़ते हैं। योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, संदीप साहू, मंच पदाधिकारी नूरजहां, नमिता राठौर, आशा रिछारिया, रूपाली अग्रवाल, कामिनी पाल, राजकुमारी दीवान, आनंदिता, सरिता, अदिति साहू, गायत्री साहू, गुलाब साहू, मोहन दास सहित नागरिक शामिल हुए।



## देर रात तक हुई बूंदाबांदी, पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा को छोड़कर राज्य में सक्रिय हो चुके मानसून के प्रभाव से बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार रात राजधानी में काफी देर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई। अगले तीन दिन में छिटपुट वर्षा सीमित दायरे में होगी।

- 26 के बाद असर दिखाएगा बंगाल की खाड़ी का तगड़ा सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का प्रभाव 26 जून के बाद नजर आएगा। उस दौरान राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना बन रही है। अभी मानसून के प्रभाव से केवल सरगुजा दूर है और शेष इलाकों में वर्षा का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम सात बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। दूसरी ओर कई इलाकों में छाए बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पाटन में सर्वाधिक दस सेमी., गुंडरदेही में 9, भाटापारा में 7 उसूर और बालोद में 6 तथा डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर अच्छी से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है।

## बिजनेस साइट

# आदर्श विद्यालय मोवा में कार्यशाला सत्र आयोजित



**रायपुर।** मोवा स्थित आदर्श विद्यालय में 22 जून को सीबीएसई ढांचे के तहत सीखने के परिणामों और शिक्षाशास्त्र पर एक स्कूल-स्तरीय कार्यशाला सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रभावी शैक्षणिक दृष्टिकोणों की पहचान करके और उन्हें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा उल्लिखित वांछित सीखने के परिणामों के साथ जोड़कर शिक्षण रणनीतियों को बढ़ाना और छात्रों के सीखने के अनुभवों को बेहतर बनाना था। कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्यालय, मोवा के शिक्षकों के लिए किया गया था।

## सिपेट रायपुर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**रायपुर।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रशासनिक अधिकारी नीतेश कुमार जैन ने एम्स रायपुर से पधारे योगाचार्य कुंदन कुमार का परिचय कराते हुए स्वागत किया। इसके बाद योगाचार्य द्वारा 'योग-स्वयं एवं समाज के लिए' विषय के माध्यम से योग के विभिन्न सोपानों पर चर्चा करते हुए योगाभ्यास प्रारंभ कराया गया, जिसमें उन्होंने ओम के उच्चारण से प्रारंभ करते हुए अनेक योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग को अपने जीवन की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



सिपेट के योग कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान निदेशक एवं प्रमुख डॉ. आलोक साहू तथा सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहे। संस्थान के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया।

# इंडिगो एयरलाइंस ने किया व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित



**रायपुर।** बेहतर प्रदर्शन के लिए इंडिगो एयरलाइंस ने व्यास ट्रैवल्स को सम्मानित किया है। एयरलाइंस कंपनी के सेंट्रल इंडिया के सेल्स इंचार्ज संजीत भट्टाचार्य, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ इंचार्ज विक्रांत देशमुख, छत्तीसगढ़ के सेल्स प्रमुख अभिषेक शर्मा ने व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास, पंकज व्यास को इसके लिए सम्मानित किया। इस दौरान हरेन्द्र व्यास ने रायपुर से नए सेक्टरों के लिए विमान संचालित करने की मांग की। इंडिगो के प्रतिनिधियों ने बताया कि अगस्त से रायपुर-प्रयागराज की बंद उड़ान फिर से प्रारंभ की जाएगी।



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 23 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में ऑपरेटर पदों पर आवेदन शुरू

**रायपुर।** सरकारी नौकरी की खोज कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया निर्धारित अंतिम तिथि 30 जून 2024 तक जारी रहेगी। अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे बिना देरी करते हुए ऑनलाइन माध्यम से एएचएल की ऑफिशियल hal-india.co.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए इस पेज पर आवेदन की स्टेप्स एवं फॉर्म का डायरेक्ट लिंक उपलब्ध करवाया गया है जिससे आप आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

### 38 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए उम्र

इस भर्ती में ऑपरेटर के विभिन्न पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पदानुसार एसएससी/ एसएससी+**plus NTC**/ आईटीआई+ **NAC/NCTVT**/ संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिप्लोमा आदि किया हो। इसके अलावा आवेदन के समय अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु पदानुसार 31/ 33/ 38 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आयु की गणना 25 मई 2024 को ध्यान में रखकर की जाएगी। आवेदन से पहले विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक नोटिफिकेशन अवश्य पढ़ लें। इस भर्ती के माध्यम से कुल 58 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जानी हैं। इसमें से ऑपरेटर (सिविल) के 02, ऑपरेटर (इलेक्ट्रिकल) के 14, ऑपरेटर (इलेक्ट्रॉनिक्स) के 06, ऑपरेटर (मैकेनिकल) के 06, ऑपरेटर (फिटर) के 26 और ऑपरेटर (इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक) के 04 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

*फैशनोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। समारोह के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, विभागाध्यक्ष परविंदर कौर मौजूद रहे।*

### मैट्स यूनिवर्सिटी में फैशन शो में कथक नृत्य की मुद्राओं और महाभारत थीम ने खींचा ध्यान

# दिव्यांगों ने रैंप वॉक कर भरी हौसलों की उड़ान

**रायपुर।** कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, हॉरर, कथकली, वेडिंग थीम पर फैशन शो रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा तैयार परिधान की झलक देखने को मिली। प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा यूनिक थीम पर फैशनोत्सव का आयोजन किया जाता है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फैशन डिजाइनिंग के छात्रों को मंच देना है।



### विदाई गाने में नम हुई आंखे

मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फैशन शो में पहली बार दिव्यांगों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने व्हीलचेयर के सहारे प्रस्तुति दी। दिव्यांगों की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों की आंखें नम हो गईं, जिन्होंने तालियों से सभी का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर प्रत्येक डिजाइनर ने दिव्यांगों के लिए ब्राइडल ड्रेस डिजाइन किया और दिव्यांगों के साथ मंच पर नजर आए। विदाई गीत के साथ मंच पर व्हीलचेयर के सहारे प्रस्तुति देती हुई दिव्यांग की आंखों से आसूं छलकने लगे, जिसे देखकर दर्शक भी खुद को रोक न सके।



### हॉरर मेकअप से लोगों को डराया

एक के बाद एक शानदार प्रस्तुति के बीच विद्यार्थियों ने हॉरर थीम पर ड्रेस डिजाइन की। मंच पर रैंप वॉक के दौरान अपनी ड्रेस के अनुसार ही चेहरे के भाव बनाते नजर आए, जिसमें काले रंग की ड्रेस आकर्षण का केंद्र रही। डिजाइनर ड्रेस के साथ हॉरर थीम पर मेकअप किया गया।

### हस्त मुद्राओं के भाव पर प्रस्तुति

भारत के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी एक विशेष परंपरा है, जिसमें कथकली भी शामिल है। सुप्रिया राय और साथियों ने प्रस्तुती के जरिए बताया कि यह प्राचीन नृत्य है, जिसके लिए विशेष रूप से पोषाक तैयार की जाती है। फैशन शो के दौरान विद्यार्थियों ने कथकली थीम पर समूह में प्रस्तुति दी, इस दौरान विभिन्न भाव के साथ मंच पर कथकली नृत्य करते नजर आए।





### महाभारत के किरदार और भारतीय परिधान की दिखी झलक

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने महाभारत के द्रौपदी, श्रीकृष्ण, अर्जुन, शकुनी मामा जैसे विभिन्न किरदारों की प्रस्तुति दी। छात्रों ने गोल्डन जरी में डिजाइन ड्रेस तैयार की। वेडिंग लुक के साथ फैशन शो में रैंप वॉक किया गया, जिसमें भारतीय परिधानों की झलक देखने को मिली। इस दौरान राजस्थानी, बनारसी, साउथ इंडियन वेडिंग ड्रेस के साथ छात्रों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभी फिल्मी कलाकारों की तरह प्रस्तुति देते नजर आए।

## सिटी इवेंट

## टीचर्स प्रोग्राम में स्किल किया डेवलप पढ़ने और सीखने का दिया गुरुमंत्र



**रायपुर।** हमारी सोच और व्यवहार जितना उत्कृष्ट होगा, उसी के अनुरूप हमारा व्यवहार भी होगा, इसलिए जीवन में अच्छी सोच का होना जरूरी है। कई बार व्यवहार को हम घमंड मान लेते हैं। सोच के दुष्परिणाम भी होते हैं। नकारात्मक सोच हमारी छवि को उसी के अनुरूप बनाएगी। उक्त बातें महाराष्ट्र मंडल में आयोजित तीन दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतिम दिवस सिटकॉन के पूर्व एमडी व अमोघ के एमडी, स्किल्स डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट प्रसन्न निमोणकर ने कही। टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतिम दिन 'एटिट्यूड बिहेवियर एंड सक्सेस' पर बोलते हुए श्री निमोणकर ने कहा कि सीखने की कोई सीमा नहीं होती। पढ़ते रहेंगे तो सीखते रहेंगे। शुरुआत हमेशा पहली बार होती है। पहला कदम उठाना ही कठिन होता है। लोग दो तरह की सोच पर चर्चा करते हैं, पहला सकारात्मक और दूसरा नकारात्मक।

### तीन महीने में नजर आएगा परिणाम

तीन दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि इन तीन दिनों के सेशन में जो आप लोगों ने सीखा, जो टिप्स और पाइंट आपने नोट किए हैं, उन्हें न केवल क्लासरूम में, बल्कि अपने जीवन में भी उतारें, उस पर अमल करें। तीन महीने में आपको इसका परिणाम नजर आएगा। इस अवसर पर प्रो. अनिल श्रीराम कालेले, स्कूल के सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, मंडल व्यवस्थापक बीएन नायडू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### शब्दों की स्पेलिंग को अंकों में बदलें

श्री निमोणकर ने सृजनात्मक सोच पर कहा कि किसी काम को तीसरे एंगल से सोचना या करना क्रिएटिविटी के साथ किया गया हो तो वह ज्यादा प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन, नॉलेज, समझ, हार्डवर्क और एटिट्यूड को अंग्रेजी के अल्फाबेट में लिखें और ए को एक और जेड को 26 मानकर इन शब्दों की स्पेलिंग को अंकों में बदलें तो एजुकेशन का टोटल 92, नॉलेज का 96, समझ का 83, हार्डवर्क का 99 और एटिट्यूड का 100 अंक आता है। यह आंकड़े आपको बताते हैं कि एटिट्यूड का 100 फीसदी होना जरूरी है। फिर सारी चीजें अपने आप अच्छी हो जाएंगी।



## मां के साथ नन्हें बच्चों ने खेले गेम्स फिल्मी गीतों पर जमकर किया डांस



**रायपुर।** मामा गिग्स क्लब द्वारा 'दिलचस्प डे-आउट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मां और बच्चे के लिए विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज आयोजित की गई। इस दौरान मानवी दरयानी, अदिति शाह और दिशा जग्गी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया, जिमसें अक्वा जुम्बा, योग, पूल फन, गेम्स आकर्षक थीम पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिमसें मां-बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। तीन घंटे तक आयोजित कार्यक्रम में बच्चों संग मां ने समय बिताया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ विभिन्न एक्टिविटीज में बच्चों और मां को शामिल करना रहा। क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कराए जाते हैं।

### मस्ती के साथ योग और गेम्स

कार्यक्रम की शुरुआत योगासन के साथ हुई, जहां योग प्रशिक्षक भूमिका शर्मा रहीं। उन्होंने बच्चों को आसन और प्राणायाम कराते हुए मौजूद सदस्यों को उसके फायदे बताए। इसके पश्चात पूल फन में बच्चे मस्ती करते नजर आए। इस अवसर पर एक साल के बच्चे से लेकर 14 साल तक बच्चे शामिल हुए, जो पूल में फिल्मी गानों पर झूमते रहे। इस अवसर पर बॉलिंग और कैम्पर हंट गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें मां और बच्चों ने एक-दूसरे को बॉल पास की। गेम्स में सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के लिए कई एक्टिविटीज रखी गई।

## बीबीए एलएलबी ऑनर्स के साथ आईटीएम में बी. टेक सीएसई कोर्स



**रायपुर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी हमेशा ही पढ़ाई के साथ युवाओं को जॉब उपलब्ध कराने वाले कोर्स ही संचालित करती है। नए शैक्षणिक सत्र में आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने छात्रों को नौकरी और बाजार के लिए तैयार करने की सोच रखने वाले युवाओं को इस बार बीबीए एलएलबी ऑनर्स कराने वाला है। सिनेमा व बाजार में कई ऐसे नए पेंच उलझने लगे हैं, जिन्हें एक्सपर्ट ही सुलझा सकते हैं। जैसे कॉपीराइट, टैक्स स्लैब सहित कई मामले हैं। इस लिहाज से बीबीए एलएलबी ऑनर्स की पढ़ाई के साथ प्रैक्टिस कराई जाएगी। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति , धर्मवीर धीर और डॉ. सौरभ द्विवेदी ने यह जानकारी दी।

### नए सत्र के लिए की तैयारी

आगे बताया कि अलग-अलग क्षेत्र में बेस्ट करने की इच्छा रखने वाले युवाओं को पर्यटन, मैनेजमेंट के बाद अब बी.टेक सीएसई का कोर्स कराने के लिए पैटर्न तैयार किया है। इसे रायपुर में शुरू करने की वजह यह है, क्योंकि यहां के लोग दूसरे शहरों में स्थित हमारे संस्थानों में पढ़ाई के लिए पहुंच रहे थे। इसे देखते हुए यूनिवर्सिटी ने नए सत्र से करियर के लिहाज से तैयारी करने वालों के लिए कोर्स भी शुरू किया है। इससे युवाओं को यहीं बेहतर सुविधा व शिक्षा अब देने की तैयारी है।

### बाजार में पहुंची हैंड मंगलसूत्र की नई और लेटेस्ट डिजाइन ज्वेलरी

कार्नर न्यूज

# अनोखा फैशन : महिलाओं में चढ़ा हाथ मंगलसूत्र का ट्रेंड, बाजार में बढ़ी मांग, लाइटवेट बनी पहली पसंद

**रायपुर।** मंगलसूत्र महिलाओं के लिए खास महत्व रखता है, यह उनके सुहाग की निशानी होती है, लेकिन आजकल महिलाएं इसे गले के बदले हाथों में पहनना ज्यादा पसंद कर रही हैं। बाजारों में हाथ मंगलसूत्र का ट्रेंड इन दिनों काफी चर्चा में है, जिसे लोग उपहार स्वरूप भी दे रहे। हैंड मंगलसूत्र की नई और लेटेस्ट डिजाइन ज्वेलरी दुकान पर देखने को मिल रही, कुछ खरीदार इसे अपने अनुसार कस्टमाइज भी करा रहे हैं।

### लाइटवेट के कारण लोगों की पसंद

अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स से तिलोकचंद बरड़िया ने बताया, वर्तमान समय में हैंड मंगलसूत्र का ट्रेंड बढ़ता जा रहा है। इसके लिए बो डिजाइन, तीन मोती डिजाइन, सिंपल डिजाइन, डबल सर्कल डिजाइन, एविल आई डिजाइन, फ्लॉवर चेन डिजाइन, ट्रिपल स्टोन डिजाइन, इनफिनिटी डिजाइन दुकान पर उपलब्ध है। वहीं कुछ खरीदार अपने अनुसार डिजाइन कस्टमाइज कराते हैं। इसे लाइटवेट तैयार किया जाता है।





### बिछिया में मंगलसूत्र डिजाइन

सन एंड सन ज्वेलर्स से श्याम सोनी ने बताया, हाथ मंगलसूत्र अधिकतर कामकाजी महिलाएं और नई दुल्हन कैरी करती हैं। इसे लाइटवेट में 2 से 10 ग्राम में तैयार किया जाता है, जिसकी कीमत 7500 से शुरू होकर 20 से 25 हजार वेट के अनुसार तय है। हाथ मंगलसूत्र को विशेष रूप से काले मोती के साथ तैयार किया जाता है, जिसमें सोने की तैयार डिजाइन अटैच की जाती है। मंगलसूत्र की कुछ डिजाइन बिछिया के रूप में भी देखने को मिल रही है, जिसे खरीदार पसंद कर रहे।

### नजरबट्टू के डिजाइन में मंगलसूत्र

अनोपचंद भंसाली ज्वेलर्स से सुरेश भंसाली ने बताया, ब्रेसलेट में मंगलसूत्र का पैटर्न बाजार में आने लगा है। जो लाइटवेट होने के कारण महिलाएं इसे रोजाना कैरी कर सकती हैं। इसकी कई डिजाइन दुकान पर उपलब्ध हैं, साथ ही कुछ डिजाइन नजरबट्टू की तरह तैयार की गई है, जिसे बेबी शॉवर पर महिलाएं खरीद रही हैं।

### 20 से 25 हजार तक कस्टमाइज मंगलसूत्र

श्रृंगार ज्वेलर्स से राजेश निर्वाणी ने बताया, नई शादीशुदा महिलाएं हाथ मंगलसूत्र खरीद रही हैं। इसे ब्रेसलेट की तरह तैयार किया जाता है, इसे चाम्स के साथ डिजाइन में बनाया जाता है, जिसकी कीमत 10 हजार से शुरू होकर 20 से 25 हजार तक है। लाइटवेट के साथ कुछ खरीदार हैवी लुक वाले हैंड मंगलसूत्र कस्टमाइज कराते हैं।

**सिटी लाइव**

## कल्पना शक्ति से ही किया जा सकता है चुनौतियों का सामना




**रायपुर।** प्रसिद्ध साहित्यकार, विचारक और संपादक रहे दिवंगत प्रभाकर चौबे की छठवीं बरसी पर शनिवार को आयोजन किया गया, जो पत्रकारिता पर केंद्रित रहा। व्याख्यान का विषय 'वर्तमान दौर में मीडिया की विश्वासनीयता और चुनौतियां' रहा। वरिष्ठ साहित्यकार सुशील त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकहित और देशहित के लिए प्रारंभ पत्रकारिता आज जनसरोकार से दूर होती जा रही है। उनका व्यंग्य स्तम्भ 'हंसते हैं रोते हैं' लगभग 30 वर्षो तक नियमित रूप से प्रकाशित होता रहा। फाउंडेशन के अध्यक्ष जीवेश प्रभाकर ने बताया कि प्रभाकर चौबे की स्मृति में प्रतिवर्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में व्याख्यान, संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वरिष्ठ साहित्यकार ने कहा कि इनफार्मेशन टेक्नॉलॉजी और एआई के आधुनिक दौर में पत्रकारिता भी गंभीर रूप से प्रभावित है, जिसकी चुनौतियों का सामना कल्पना शक्ति से ही किया जा सकता है।

### जमीनी रिपोर्टिंग की विश्वासनीयता अधिक

कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि डॉ. आलोक वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में पत्रकारिता की जमीनी सच्चाई पर अपनी बात रखी। उन्होंने हालिया संपन्न लोकसभा चुनाव में मीडिया कवरेज, विभिन्न सर्वे और परिणाम को लेकर विशेष रूप से अयोध्या और बनारस के उदाहरण देते हुए जमीनी रिपोर्टिंग की विश्वासनीयता पर अपनी बात कही। उन्होंने पत्रकारिता में जनभागीदारी की चर्चा करते हुए कहा कि आमजन को सच्ची और जनपरक पत्रकारिता करने वाले साहसी पत्रकारों के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए।

**समाज इवेंट**

## योग में छात्रों ने दिखाए करतब, तन मन से स्वस्थ रहने कराया योगाभ्यास



**रायपुर।** अग्रवाल युवा मंडल और पतंजलि योग समिति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को विभिन्न रोगों के उपचार के लिए उपयोगी योग की जानकारी दी गई। शनिवार को कार्यक्रम के जरिए बताया कि नियमित योग करने से तन, मन पूरी तरह से स्वस्थ रहेगा। मीडिया प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र छात्रों के करतब रहे। कोसरंगी गुरुकुल से आए छात्रों ने योगासन के जरिए एक से बढ़कर एक करतब दिखाकर सभी को चकित कर दिया। रायगढ़ से आईं प्रख्यात योग शिक्षिका व योग प्रचारक श्रेया अग्रवाल ने लोगों को योग का महत्व, उसके उद्देस्य एवं विभिन्न योगासन बताए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास हर बीमारी की दवा है। कार्यक्रम में एक साथ 200 लोगों ने हिस्सा लिया।

### लोगों को जोड़ने शहर में योगाभ्यास

अग्रवाल सभा रायपुर की युवा ईकाई अग्रवाल युवा मंडल लोगों को योग से जोड़ने लगातार शहर में योगाभ्यास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करा रही है। मंडल के सदस्यों का कहना है कि योग से लोगों को जोड़ने की मुहिम में हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास है। लोगों को जागरूक करने योग दिवस पर योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान मोहल्ला समिति संयोजक आयुष अग्रवाल, कचना विधानसभा मोहल्ला समिति से संयोजक अशोक गोयल, सह संयोजक सुजीत तुलस्यान सहित अग्रवाल समाज के सदस्य उपस्थित थे।

**धर्म लाइव**

## भजन संध्या में झूमे भक्त, सुंदरकाण्ड और हनुमान चालीसा का किया पाठ



**रायपुर।** श्री सालासर बालाजी मंदिर सेवा समिति द्वारा शनिवार को 'संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ और भजन संध्या' का आयोजन किया गया। सालासर बालाजी मंदिर परिसर में प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सामूहिक रूप से आयोजन कराया जाता है, इस पूर्णिमा भी भक्तों की भीड़ मंदिर प्रांगण में देखने को मिली। शाम 5 बजे से आयोजित कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष सुरेश गोयल, कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर अग्रवाल, कर्तव्य अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, नवल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल, गिरिराज गर्ग, केसरीचंद्र अग्रवाल, चिमन अग्रवाल, सत्यनारायण मित्तल, मुरली अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कमल गुप्ता, दिलीप केडिया, चेतन अग्रवाल, वैभव सिंघानिया, सोम अग्रवाल, सुरेश केडिया उपस्थित रहे।

### शामिल होते हैं सैकड़ों श्रद्धालु

समिति के अध्यक्ष श्री गोयल ने बताया, मंदिर परिसर में प्रत्येक माह मंगलवार एवं शनिवार को खास अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। माह की प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। इस अवसर पर भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया। भजन संध्या में वीर हनुमाना, अति बलवाना, राम नाम रसियो रे, प्रभु मन बसियो रे....हनुमान मेरे सिर पर रख दो हाथ.....केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम...छम-छम नाचे वीर हनुमान...जैसे मनमोहक भजनों की धुन पर भक्त झूमते रहे।

● **सेंट्रल जेल में बंदियों ने सुनी कबीर वाणी, समाज को नई दिशा देने का लिया संकल्प**

# संत कबीर की वाणी से सराबोर हुए चित्रों में पिरोई दोहे की प्रासंगिकता

सतगुरु कबीर प्रकट उत्सव की श्रृंखला में कई जगह-जगह झांकी सजाई गईं। आमीन माता महिला मंडल और नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दूसरे दिन विभिन्न कबीरकुटी के लोगों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। कबीर चौक, रामनगर से तेलघानी नाका होते हुए शोभायात्रा रामसागर पारा, तत्यापारा पहुंची। जहां केशवराम साहू ने स्वागत किया।








**रायपुर।** वहीं जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक होते हुए मेकाहारा चौक पर शोभायात्रा का समापन किया गया। यहां से शोभायात्रा वापस गोंदवारा पहुंची, जहां पर प्रकट उत्सव स्थल चौका-आरती की गई। दामाखेड़ा से आई गुरुमाता सुलक्षणा देवी ने सतगुरु कबीर साहेब के प्रकट उत्सव पर किए गए आयोजन की अगवाई करते हुए संत कबीर के जीवन एवं उनकी वाणी पर



सत्संग किया। इससे पहले निकाली गई शोभायात्रा में आकर्षक रथ पर कबीर के जीवन प्रसंग को प्रकट करती झांकी भी शामिल की गई। इसके साथ कबीरवाणी का गायन हुए सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। महावीर प्रसाद साहू ने बताया कि उत्सव समिति के संयोजक प्रशांत शर्मा, डॉ. केआर साहू, छोटू साहू, केहरू साहू ने उत्सव को सफल बनाने में सहयोग दिया।



### पद्मश्री भारती बंधु ने पेश किए भजन

केंद्रीय जेल में कबीर जयंती के अवसर पर शनिवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जेल में मौलिक उत्थान के लिए कबीर सद्भावना यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ने संत कबीर साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। कबीर सद्भावना यात्रा प्रदेश के सभी केंद्रीय जिला एवं उप जेलों में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. भारती बंधु द्वारा कबीर भजन का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पद्मश्री डॉ. भारती बंधु द्वारा गायन-भजन पर कारागार के बंदी झूम उठे। भजन के माध्यम से बताया कि अभी राम कहोगे तो आराम मिलेगा, सुबह नहीं तो शाम मिलेगा। पद्मश्री डॉ. भारती बंधु ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब समाज को नई दिशा देने वाले महान विचारक संत थे। कबीरदास जी के प्राकट्य उत्सव पर नमन किया। जेलों में मौलिक उत्थान के लिए कबीर सद्भावना यात्रा बंदियों को राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा हैं।

#### भजनों ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम प्रस्तुति दे रही भजन मंडली में शामिल पद्मश्री डॉ. भारती बंधु, गोपी भारती, अनुभव भारती, पावस भारती, विद्रुम वाचस्पति भारती, मुक्तानंद भारती, संयम भारती द्वारा कबीर भजन की विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष अमित शांडिल्य जेल अधीक्षक केंद्रीय जेल रायपुर द्वारा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पद्मश्री डॉ. भारती बंधु का कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एमएन प्रधान उपजेल अधीक्षक, सत्यम कुमार सहायक जेल अधीक्षक, श्री रात्रे उप अधीक्षक उद्योग, नीलेश पांडे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनआर नाकतोड़े जेल शिक्षक केंद्रीय जेल रायपुर ने किया।

### प्रदर्शनी से दिया जीवन में सदाचार का संदेश

महाकोशल कला परिषद द्वारा संत कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस पर महाकोशल कला वीथिका प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रों की कलाकृतियों से कबीर के दोहे की प्रासंगिकता को समझाया गया। मुख्य अतिथि केके घोष ने उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि कबीर साहेब के दोहे घाव करें गंभीर। संत कबीर कला प्रदर्शनी में समाज में व्याप्त बुराईयों की ओर इंगित किया गया है। दैनिक जीवन में सदाचार का संदेश देती रचनाएं कलाकारों द्वारा निर्मित की गई हैं। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर, पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर, माटी गुड़ में गड़ी रहे, पंख रहे लपटाय, हाथ मलय और सिर धुनय, लालच बुरी बलाय विषय पर रचनाएं प्रदर्शित की गईं।



#### चित्रों से समझाया दोहों का अर्थ

प्रदर्शनी में कलाकारों ने दोहों को चित्रों में पिरोया, जिसमें बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलियो न कोई, जो दिल देखा आपना, मुझसे बुरा न कोई, जैसे प्रासंगिक दोहों को दर्शाया गया। चित्रों में जल, तैलरंग, पेस्टल एक्रेलिक, कोलाज, ग्रॉफिक, कंप्यूटर ग्रॉफिक, फोटोग्रॉफी, रेखांकन, मिश्रित माध्यम का इस्तेमाल किया गया है। इस कला प्रदर्शनी में वरिष्ठ, युवा, बाल कलाकार, महिला कलाकारों में सांभवी शर्मा, दिशा ठाकुर, बसंत साहू (कुरूद, धमतरी) , चंद्रकांत साहू, निखिल कुंजाम, राधिका शर्मा, नीतू निषाद, डॉ. प्रवीण शर्मा, उमेश साहू, रीना साहू, अवतार सिंह भंगल, डॉ. शिखर शर्मा आदि कलाकारों ने अपनी रचनाएं भेजकर भाग लिया। कला प्रदर्शनी 23 जून को दर्शकों के अवलोकनार्थ निशुल्क प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक खुली रहेगी।

## विराग मुनि ने पूरा किया 101 दिन का उपवास भजन व नवकार मंत्र के साथ भक्तों ने की पूजा



**रायपुर।** पूनम के शुभ दिवस पर चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में तपस्वी राज श्री विराग मुनि भगवंत के 101 उपवास के सुखशाता की मंगलभावना के लिए बड़ी पूजा की गई। दादा गुरुदेव की पूजा में उल्लास व भक्तिमय माहौल रहा। 22 जून को मुनिश्री का 101वां उपवास के बाद यह क्रम आगे भी जारी है। जैन धर्म में चारों दादा गुरुदेव कि असीम कृपा रही है। इनमें तृतीय दादा श्री जिनकुशल सूरी तो प्रगट प्रभावी दादा हैं। जो इनकी भक्ति भाव से पूजा अर्चना करता है, उन्हें मनवांछित फल भी प्राप्त होता है। अनुष्ठान के बाद यह बात अध्यक्ष संतोष बैद ने कहते हुए दादा गुरुदेव को नमन किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेंद्र कोचर ने कहा कि पूजा का आगाज मंत्र नवकार हमें है प्राणों से प्यारा भजन से करने हुए हमें सुखद एहसास होता है।

#### अष्ठ प्रकारी पूजा का विधान

साथ ही चंदन, धूप, दीपक, अक्षत पुष्प, नैवेद्य, फल अर्पित करते हुए दादा गुरुदेव के अष्ठ प्रकारी पूजा का विधान किया गया। इसके बाद ध्वज पूजा में चांदी की ध्वजा को महिलाओं द्वारा सिर पर रखकर धूप-दीप व शंख व घंटानाद द्वारा छतरी की तीन प्रदक्षिणा देकर ध्वज पूजन करके हरख भरी के बोलों के साथ शिखर पर ध्वजा समर्पित की गई। इसके बाद वस्त्र और अर्ध्य पूजा का भी विधान मंत्रोच्चार के साथ करके पूजा का समापन आरती और मंगल दीपक द्वारा किया गया।



#### नारियल व अक्षत संग मंत्रोच्चार

सबसे पहले स्थापना का विधान नारियल अक्षत और मंत्रोच्चार से शुरू हुआ। इसके बाद प्रथम नवहन जल अभिषेक का विधान गुरु प्रतिख सुरतरु रूप सुगुरु सैम दूजो तो नहीं के बोलों के साथ संगमरमर की कलात्मक छतरी में विराजित मूर्तियों का अभिषेक भी पूर्ण विधि-विधान से किया गया। साथ ही सुप्रसिद्ध गायक वर्द्धमान चोपड़ा, निर्मल पारख और विवेक बैद के भक्तिपूर्ण भजनों से भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हुई। कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी..., ने सभी को भाव विभोर कर दिया।




## कैंप में डांस की कला में हुए माहिर अब प्रतियोगिता में मचाएंगे धमाल

**रायपुर।** रेलवे खेल संघ की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन नृत्य प्रशिक्षण कैंप का समापन हो गया। इस कैंप की एक खासियत यह थी कि डांस की कला में माहिर होने के लिए बच्चियों, युवतियों व महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा थीं। डेढ़ माह के कड़े परिश्रम के बाद आखिरकार वे इस कला में परिपक्व हो गई हैं। अब वे प्रतियोगिताओं में भाग लेकर धमाल मचाएंगी। प्रशिक्षक ने उन्हें इसके लिए तैयार रहने को कहा है। रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के स्केटिंग ग्राउंड में इस बार भी दो महीने का ग्रीष्मकालीन नृत्य कैंप लगाया गया। इस कैंप के प्रशिक्षक हरि नायडू रहे, जिन्होंने प्रशिक्षुओं को हर वे बारीकियां सिखाईं, जिससे वे बेहतर डांसर बन सकें। जब इस कैंप की शुरुआत हुई, तब प्रशिक्षुओं की संख्या बहुत कम थी। धीरे-धीरे कैंप में संख्या बढ़ती गई। 50 से अधिक लोग डांस सीखने पहुंच रहे थे। इस प्रशिक्षण कैंप की खास बात यह रही कि इनमें 35 बच्चियां, युवतियां और महिलाएं शामिल थीं। सभी में नृत्य के प्रति गजब का रुझान दिखा। इसी रुचि की वजह से वह बहुत कम समय में डांस के सभी स्टेप बड़ी आसानी से सीख पाए। जब भी उन्हें नए व पुराने गानों का स्टेप बताया जाता, बामुश्किल एक या दो बार में वे आसानी सीख जाती थीं। प्रशिक्षक हरि नायडू बताते हैं कि वर्तमान में ये प्रशिक्षु इतनी माहिर हो गई हैं कि प्रतियोगिता में बड़े से बड़े डांसर का मुकाबला कर सकती हैं।

#### फिटनेस के लिए महिलाएं जारी रखेंगी प्रशिक्षण

प्रशिक्षक हरि नायडू का कहना है कि यह ग्रीष्मकालीन कैंप था। अब बरसात का समय शुरू हो गया है। स्कूल व कॉलेज भी प्रारंभ हो गए हैं। इसलिए बच्ची व युवतियां तो नहीं आ रही हैं, लेकिन महिलाएं अभी भी पहुंच रही हैं। दरअसल वे डांस के साथ फिटनेस पर ध्यान देती हैं। डांस फिट रहने का एक बड़ा माध्यम है।

**शहर के प्राचीन मंदिरों में सुबह से दोपहर तक उमड़ा भक्तों का सैलाब**

**कार्नर न्यूज**

# पूर्णिमा पर गर्भगृह से बाहर निकले भगवान जगन्नाथ मंत्रोच्चार के साथ 108 घड़े जल से भक्तों ने कराया स्नान

**रायपुर।** स्नान पूर्णिमा के दिन शहर के प्राचीन जगन्नाथ मंदिरों में उत्सव का माहौल रहा। साल में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को ही भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बलभद्र महा स्नान के लिए गर्भ गृह से बाहर निकलते हैं। इस उपक्रम को शनिवार को सुबह 10 बजे पुरानी बस्ती स्थित टुरी हटरी में किया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज ने पूजा-अर्चना करके भगवान को स्नान कराना प्रारंभ किया। इसके बाद बारी-बारी से लोगों ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति से भगवान को स्नान कराया। इसके बाद वे अस्वस्थ होने पर विश्राम कक्ष में जाते हैं। स्नान के बाद पूजा-आरती करने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।



#### विधि-विधान से कराया स्नान

इसी तरह गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा के मार्गदर्शन में इस बार भी विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को स्नान कराने के लिए आसपास रहने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक महाराज के साथ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार करते हुए आराध्य देव को गर्भगृह से बाहर निकालने के बाद स्नान व पूजा-आरती का विधान परंपरागत रूप से इस बार भी किया।

#### आज वैद्य बताएंगे उपचार

सदर बाजार स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पं. मोहित पुजारी की अगवाई में सुबह 10 बजे भगवान श्रीधाम से मंत्रोच्चार के साथ बाहर निकाला गया। इस दृश्य को देखने और पुण्य लाभ के लिए सैकड़ों की तादाद में आसपास के लोग परिवार के साथ पहुंचे। भक्तों ने भी जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को स्नान कराने का पुण्य लाभ लिया। महाराज ने बताया कि रविवार को वैद्य उपचार बताएंगे। इसके बाद औषधीय काढ़ा अर्पित किया जाएगा।



#### 21 कुंड के जल से भव्य स्नान

सुंदर नगर स्थित इस्कॉन प्रचार केंद्र में श्री जगन्नाथ स्नान यात्रा पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान की प्रतिमा को अनेक तीर्थों के जल से स्नान कराया गया। स्नान यात्रा का मार्गदर्शन तमाल कृष्णदास प्रभु द्वारा किया गया। जहां रामेश्वरम, त्रिवेणी संगम, प्रयागराज जैसे विभिन्न 21 कुंड के जल से भव्य स्नान यात्रा महोत्सव मनाया गया।



इस दौरान 101 जल कलश, 101 दुग्ध कलश और विभिन्न फलों के रस स्नान कराया गया। मान्यता के अनुसार स्नान के पश्चात भगवान 15 दिनों तक अपने गर्भगृह में चले जाते हैं और स्वस्थ होने के पश्चात भक्तों को दर्शन देने के लिए रथयात्रा करते हैं। इन दिनों मंदिर में खिचड़ी, काढ़ा व औषधि भोग स्वरूप अर्पित किए जाएंगे। जगन्नाथ यात्रा के लिए केंद्र में तैयारी चल रही है, इस दौरान श्री जगन्नाथ, भाई बलदेव और सुभद्रा यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजन में ललित पटवा, नंदकुमार चौबे, बसंत अग्रवाल, प्रेरणा सिंह, राजू बांधे, प्रीति साहू, श्रुति सिंह, दयानिधि दास, मनोज कृष्णदास, हिरण्यगर्भ दास उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतरराष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप के लिए रघुवंशी बनें ऑफिशल



**रायपुर।** भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ के द्वारा रूस के अल्टाई रीजन सिटी आफ बरनोल मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल के साथ भारतीय कायकिंग एण्ड कैनोइगं के सह सचिव और छत्तीसगढ़ निवासी प्रशांत सिंह रघुवंशी को ऑफिशल नियुक्त किया गया है। रघुवंशी भारत की 15 सदस्य की टीम के साथ 24 जून को रात्रि 11:00 बजे दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से रशिया के लिये रवाना होंगे। भारतीय टीम उक्त चैंपियनशिप में 200, 500, 2000 मीटर की रेस में भाग लेगी। इस अवसर पर, बलदेव सिंह भाटिया प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले वार्किंग प्रेसिडेंट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ,अभिजीत मिश्रा सेक्रेटरी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### दूसरे दिन भी बिलासपुर और प्लेट की बढ़त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 08 मई से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमों ने भाग लिया। सेमी फायनल मुकाबले 21 से 24 जून तक चल रहे हैं। चार दिवसीय पहला सेमी फायनल मैच बिलासपुर तथा भिलाई के मध्य षहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 49.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाये। जिसमें ऋषभ षर्मा ने 58 रन तथा विवेक यादव ने 51 रनों का योगदान दिया। भिलाई की ओर से चंद्रभूषण साहु ने 4 तथा आयुश कुमार सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 23 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाए हैं। भिलाई की ओर से शिवेन्द्र तिवारी 29 रन तथा साहिल रजत शरीफ 19 रन बनाकर क्रिज पर मौजूद हैं। वहीं बिलासपुर की ओर से अंकित कुमार तथा ओम वैष्णव ने 1-1 विकेट चटकाये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने 131 रनों की बढत ले ली है। दूसरा सेमी फायनल चार दिवसीय मैच दिनांक 21-24 जून 2024 को प्लेट कंबाइंड तथा महासमुंद के मध्य सिविक सेंटर ग्रांउड, भिलाई में खेला गया। जिसमें महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 49 ओवरों में 10 विकेट खोकर 186 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से यश कुमार वर्दा ने 54 रन तथा उत्कर्ष ठाकुर ने 42 रन बनाये। महासमुंद की ओर से आयुष द्विवेदी ने 6 विकेट तथा रुपेश कुंबलकर ने 3 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी पहली पारी में 28.1 ओवरों में 10 विकेट पर 64 रन ही बनाये। महासमुंद की ओर से स्वंय पांडेय ने सर्वाधिक 35 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से निखिल शर्मा ने 6 विकेट तथा आशीष कोरी ने 3 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड ने अपनी दूसरी पारी में 32 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 66 रन बना लिये है। प्लेट कंबाइंड की ओर से यश वर्दा ने 19 रन बनाये तथा आदित्य गुहा अब भी 19 रन बनाकर क्रीज पर है। वहीं महासमुंद की ओर से आयुश द्विवेदी ने 5 विकेट तथा जय प्रकाश पांडे ने 2 विकेट हासिल किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक प्लेट कंबाइंड 188 रनों से आगे है।

### जिला बैडमिंटन स्पर्धा में तृतीय दौड़ के मुकाबले में कई उलटफेर



**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में सब जूनियर एवं जूनियर जिला बैडमिंटन स्पर्धा जारी है। 21 जून की रात खेले गए मुकाबलों में एकल-प्री.क्वार्टर के अंतर्गत 11 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में समायरा राजपूत ने आनवी तिवारी को 15-4,15-3 से, मिहिका राठी ने लीना बजाज को 15-6,15-5 से, मेहर कौर खालसा ने आयशा निज़ामी को 11-15,15-9,15-8 से, ओविया गुप्ता ने स्वर्णलता गुप्ता को 15-3,15-5 से, ख्वाहिश जसवानी ने मैशा अग्रवाल को 15-3,15-4 से, वंशिका यादव ने मैत्री गोलचा को 15-8,15-0 से हराया।

11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में शाश्वत श्री मिश्र ने श्रीवर्धन पटेल को 15-8,15-10 से, शारव सराफ ने हृदय अग्रवाल को 17-15,15-4 से, राघव ठाकुर ने प्रखर प्रसाद को 15-9,15-5 से, उत्कर्ष ढोलकिया ने अधिराज संघल को 15-13,15-17,15-12 से, अदवे सिंघल ने दिव्यांश अनंत को 15-13,15-11 से, श्यामल कृष्ण तिवारी ने आर्यन चेलानी को 15-13,15-5 से, पंसुल सेठी ने धैर्य जेठानी को 15-2,15-4 से, आरव कुमार ने अस्तित्व मुंद्रा को 15-4,15-5 से हराया।

हर बार सीने में होने वाली जलन की समस्या का मतलब हार्ट अटैक नहीं

# गैस और हार्ट अटैक के कई लक्षण हैं एक जैसे, कैसे करें इनमें अंतर?

हार्ट अटैक का खतरा वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। विशेषतौर पर कोरोना के बाद इसका जोखिम और भी अधिक देखा जा रहा है। सीने में दर्द, जलन और बेचैनी की समस्या को हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षणों में से एक माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि हर बार सीने में होने वाली जलन की समस्या का मतलब हार्ट अटैक ही नहीं है। गैस बनने की स्थिति में भी आपको इसी तरह के लक्षणों का अनुभव हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गैस का दर्द और हार्ट अटैक के कई लक्षण एक समान हो सकते हैं। अगर आपको सीने में गंभीर दर्द हो रहा है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इसके साथ अन्य लक्षणों पर ध्यान देते रहना भी जरूरी है। आइए जानते हैं कि गैस और हार्ट अटैक के कौन-कौन से लक्षण एक जैसे होते हैं और इनमें किस तरह से अंतर किया जा सकता है?



### हार्ट अटैक और गैस की समस्या

आहार में गड़बड़ी के कारण अपच और गैस की समस्या हो सकती है। भोजन नली या गैसट्रिक की समस्या वाले लोगों को मतली और सीने में दर्द के साथ पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द का अनुभव होता रहता है। जिन लोगों को पहले से हार्ट की समस्या रही है, उन्हें हार्ट अटैक और इसके लक्षणों पर निरंतर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए। आइए जानते हैं इसके लक्षणों की किस तरह से पहचान और अंतर कर सकते हैं?

### हार्ट अटैक के लक्षण

हार्ट अटैक के लक्षण एक से दूसरे व्यक्ति में अलग-अलग होते हैं हालांकि हार्ट अटैक के दर्द वाले क्षेत्र गैस के दर्द के समान हो सकते हैं। हार्ट अटैक के कारण सीने में दर्द (भारीपन, दबाव, दर्द, जलन) बाएं कंधे सहित एक या दोनों हाथों में तीव्र दर्द, दिल की धड़कन बढ़ने, हृदय गति में वृद्धि, सांस लेने में तकलीफ, थकान, मतली या उल्टी, पसीना आने की समस्या देखी जाती रही है।

### कैसे करें हार्ट अटैक और गैस में अंतर?

गैस और हार्ट अटैक दोनों अलग-अलग गंभीरता स्तर वाली समस्याएं हैं और इसमें आसानी से अंतर किया जा सकता है। गैस होने के कारण डकार आने, पेट फूलने, पेट और सीने में जलन, सीने में चुभन जैसा दर्द, पेट में दर्द होता है।वहीं हार्ट अटैक के कारण बांहों, कंधों, जबड़े और मुंह में दर्द, घबराहट, जी मिचलाने, धड़कन तेज होने और पसीना आने का खतरा हो सकता है। इन संकेतों पर ध्यान देकर हार्ट अटैक और गैस में अंतर किया जा सकता है।

### गैस के दर्द के लक्षणों के बारे में जानिए

गैस का दर्द पेट के अलावा सीने और शरीर के कई अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। गैस के कारण सीने में होने वाले दर्द के साथ डकार (मुंह से गैस निकलना), पेट फूलने, पेट में ऐंठन जैसा दर्द और अपच की समस्या देखी जाती है। इसके अलावा गैस बनने के कारण पेट फूलने का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता रहा है, जो इसे हार्ट अटैक से अलग करता है। गैस की समस्या का मुख्य कारण भोजन का ठीक से पाचन न होना, फूड पॉइजनिंग सहित कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं।






## चिंता और तनाव कम करने के लिए उठाएं जरूरी कदम

अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इस बात को हम सभी मानते हैं और फॉलो भी करते हैं। लेकिन सेहतमंद रहने के लिए सही खान-पान ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना जरूरी होता है। आजकल मेंटल हेल्थ के कारण काफी तरह की खबरें हम लगभग रोजाना ही सुनते हैं। हालांकि, भागा-दौड़ी भरे जीवन में चिंता और तनाव होना आम बात है, लेकिन इससे अपने आप को बचाकर रखना उतना ही जरूरी है। इसके लिए डॉ चित्रा आनंद ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को शेयर किया, जिसमें उन्होंने एक आसान सी टिप को शेयर किया। इसे फॉलो करके आप मानसिक तौर से अपना ख्याल रख पाएंगे। आइये जानते हैं क्या है पूरी जानकारी-

### क्यों होता है स्ट्रेस और एंग्जायटी?

आजकल यह समस्या बच्चों से लेकर बड़ों तक में देखी जा रही है। वहीं यह ज्यादा सोचने के कारण और ज्यादा डिजिटल या सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के कारण भी होने लगा है। हालांकि, मानसिक तनाव के कई और भी कारण हो सकते हैं, जिससे आपको



टेंशन हो सकती है।गलत खान-पान के कारण भी हम हेल्दी महसूस नहीं करते हैं और इसके कारण भी मानसिक तनाव हो सकता है। बड़ों में यह समस्या कामकाज या किसी फैमिली प्रॉब्लम के कारण भी हो सकती है।

### कैसे करें चिंता और तनाव से बचाव?

मानसिक तनाव को कम करने के लिए आप अपने आप को जितना हो सके उतना बिजी रखें। इसके अलावा आप किसी फिजिकल एक्टिविटी में भी हिस्सा ले सकते हैं। ऐसा करने से आप जल्द ही थककर सो जाएंगे और ज्यादा सोचने से भी बचे रहेंगे।

### चिंता और तनाव को कम करने के लिए क्या करें?

चिंता का स्तर और तनाव को कम करने के लिए आप ब्रीदिंग एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके लिए आप 2 बार सांस एक साथ लें और इसके बाद 1 बार सांस बाहर की तरफ छोड़ें। ऐसा करने से यह आपके दिमाग के ऑटोनोमिक नर्वस सिस्टम में एक सिग्नल भेजता है, जिससे स्ट्रेस हॉर्मोन कण्ट्रोल होने लगते हैं। इस तरह आप 5 से 6 बार करें। धीरे-धीरे यह आपके तनाव के स्तर को कम करता है और दिमाग में शांति लाने का काम करता है। इस तरह से रोजाना इस ब्रीदिंग एक्सरसाइज को करने से आपका स्ट्रेस लेवल और एंग्जायटी कण्ट्रोल आसानी से होने लगेगा।

## ईशान कोण दिशा में जरूर रखें शंख, होगा धन लाभ



वास्तु शास्त्र के अनुसार ईशान कोण दिशा को उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह घर का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। इस दिशा में देवी-देवताओं का वास स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान को बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। बता दें, ईशान कोण दिशा में अगर आप देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-पाठ करते हैं, तो व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। अब ऐसे में इस दिशा में शंख रखने का विशेष महत्व बताया गया है ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि इस दिशा में शंख रखने का क्या महत्व है?

### ईशान कोण दिशा का महत्व क्या है?

ईशान कोण को देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। इस दिशा में पूजा स्थल स्थापित करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। ह दिशा ग्रह गुरु बृहस्पति से संबंधित है, जो ज्ञान और बुद्धि का कारक माना जाता है। ईशान कोण सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार माना जाता है। इसलिए इस दिशा को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इस दिशा में तिजोरी रखने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। ईशान कोण दिशा में पूजा करने और ध्यान लगाने के लिए सबसे शुभ स्थान माना जाता है।

### ईशान कोण दिशा में शंख रखने का क्या लाभ है?

शंख को ईशान कोण में रखना शुभ माना जाता है। शंख को जल से भरकर उसमें कुछ तुलसी के पत्ते डालकर रखें। शंख को देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। ईशान कोण में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इससे घर और कार्यस्थल में शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इसलिए इस दिशा में शंख रखने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। ईशान कोण दिशा में शंख बजाने से मानसिक तनाव दूर हो सकती है और मन शांत रहता है।

## मैंगो जैम बनाते वक्त न करें ये गलतियां लंबे समय तक रख पाएंगे



आम जैम अकसर खट्टे-मीठे कच्चे आम से बनाया जाता है, ऐसे में यदि आप भी आम जैम खाना पसंद करते हैं और उसे लंबे समय तक स्टोर नहीं कर पाते हैं, तो बनाते वक्त न करें ये गलतियां।

### मीठे आम का करें चुनाव

यदि आपको ज्यादा खट्टा आम खाना नहीं पसंद है, तो आप मीठे आम से जैम बनाएं। अकसर लोग खट्टे आम से जैम बना लेते हैं और आम काटने के बाद पानी में धो लेते हैं। आम जैम बनाने के लिए एक बूंद पानी का इस्तेमाल नहीं करना है, आम को पानी से धोने के कारण जैम में थोड़ा न थोड़ा पानी की मात्रा मिल जाता है, जिसके कारण आम जैम जल्द ही खराब हो जाती है। इसके अलावा मीठे आम से बनाई गई जैम में कम चीनी और गुड़ का इस्तेमाल होता है।

आम जैम में पानी की एक बूंद भी उसे जल्द ही खराब करने में कारगर है। इसलिए कभी भी आम जैम बनाते वक्त चाशनी या आम में पानी की एक बूंद न डालें। आम को घी में भूनने के बाद उसमें शक्करया गुड़ डालकर लगातार चलाते रहें। लगातार करछी की मदद से गुड़ और आम को मिक्स करते रहें ताकी जैम जले नहीं। आम जैम में पानी डालने की जरूरत नहीं है, आम के रस से ही जैम में भरपूर पानी हो जाता है, जिसे लंबे समय तक अच्छे से पकाते रहें, ताकि वह सुख जाए।

### अच्छे न भूनना

आम में चीनी या गुड़ डालने से पहले आम के टुकड़ों को 1-2 चम्मच घी में भून लें फिर चीनी या गुड़ डालें। ज्यादातर लोग आम को अच्छे से नहीं भूनते हैं, जिससे स्वाद अच्छा नहीं आता है।

### अच्छे से रस को न सूखाना

आम को भूनते वक्त और चीनी डालकर चाशनीको पकाते समय बहुत से लोग आम से निकले हुए रस को अच्छे से नहीं सुखाते हैं। आम के रस को अच्छे से नहीं सूखने के कारण जैम में आम का रस रह जाता है, जिसके कारण भी आम जैम जल्दी खराब स्मैल करने लगता है।

**कार्नर न्यूज**

## एक गहरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक भावना को प्रदर्शित करेगा आपका घर

# अपने घर को हेरिटेज लुक देना चाहते हैं तो उठाएं आज ही कदम

हेरिटेज लुक, जिसे हेरिटेज स्टाइल भी कहा जाता है, एक सजावट की शैली है, जो परंपराओं, हस्तशिल्प और प्राकृतिक सामग्रियों पर आधारित है। यह शैली अक्सर समृद्ध रंगों, कई पैटर्नों और लकड़ी के काम से युक्त होती है। हेरिटेज लुक उन लोगों के लिए एकदम सही है जो अपने घरों में नया लुक देना चाहते हैं। यह उन लोगों के लिए भी एक अच्छा विकल्प है जो अपनी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाना चाहते हैं। ऐतिहासिक और पारंपरिक रंगों का चयन करें। गहरे लाल, समृद्ध नीले, शाही हरे, और गर्म तांबे जैसे रंग आपके घर को एक हेरिटेज लुक देने में मदद करेंगे। अपने परिवार की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि या किसी खास किस्म की ऐतिहासिक दौर से प्रेरित रंगों का इस्तेमाल करें। यह रंग आपके घर को विशिष्ट और ऐतिहासिक बना सकते हैं।



### ट्रेडिशनल पैटर्न और टेक्सटाइल्स

वस्त्रों और असबाब में ट्रेडिशनल डिजाइन और पैटर्न का इस्तेमाल करें। भारतीय बूटियां, मुगल रूपांकन, या पारंपरिक फूलों की डिजाइन का चयन करें। हाथ से बुनी कालीन, कढ़ाई किए हुए तकिए और रजाई जैसी चीजें चुनें। यह आपके घर को एक प्राचीन और हस्तनिर्मित लुक देगा। अपने घर में प्राकृतिक एलिमेंट को शामिल करें जैसे कि पौधे और फूल।

### प्राचीन और विस्तृत लकड़ी का फर्नीचर

ट्रेडिशनल नक्काशीदार लकड़ी के फर्नीचर का चयन करें। पुराने जमाने के नक्काशीदार फर्नीचर आपके घर को शाही और ऐतिहासिक बना सकते हैं। प्राचीन फर्नीचर के टुकड़ों का इस्तेमाल करें, जिन्हें आधुनिक सेटिंग में शामिल किया जा सकता है। यह आपके घर को एक अनूठा और विशिष्ट लुक देगा। पुराने फर्नीचर और सजावटी वस्तुओं को शामिल करें जो आपकी विरासत को दर्शाते हैं।



### प्रकाश और मूड लाइटिंग

दीवारों पर लगे लैंप, टेबल लैंप और फर्श पर रखे लैम्प का इस्तेमाल करके अलग-अलग स्तरों की रोशनी बनाएं। यह आपके घर को एक गर्म और आमंत्रित माहौल देगा। भोजन कक्ष, लिविंग रूम या एंट्रेंस हॉल में भव्य झूमर का इस्तेमाल करें। यह आपके घर को एक शाही और भव्य लुक देगा।

**कलाकृतियां और सजावटी एलिमेंट:** पारिवारिक फोटो, ऐतिहासिक दस्तावेज और पारंपरिक शिल्प को प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करें। यह आपके घर को एक व्यक्तिगत और ऐतिहासिक स्पर्श देगा। स्थानीय कलाकारों और कारीगरों से हस्तशिल्प कृतियां खरीदें। मृदभांड (टेराकोटा), पत्थर की मूर्तियां और हस्तशिल्प के अन्य तत्व आपके घर को और अधिक विशिष्ट बनाएंगे। दीवारों को सजाने के लिए ट्रेडिशनल मिरर, घड़ियां और पेंटिंग का इस्तेमाल करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर की श्रेणी में शामिल किया जा सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?



2028 में ऑस्कर पुरस्कार के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है। आगामी आयोजनों में सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार किया जा रहा है। ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है। इसे लेकर क्रेमर से पूछा गया कि क्या इसकी संख्या बढ़ाने के लिए कोई बातचीत चल रही है। इस पर क्रेमर ने बताया कि इस पर बात करने के लिए उत्सुक हैं। बिल क्रेमर ने जुलाई 2022 में अकादमी के सीईओ का कार्यभार संभाला था। वो कैलआर्ट्स स्कूल ऑफ द आर्ट्स, सनडांस फिल्म फेस्टिवल और एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स जैसे गैर-लाभकारी संगठनों के लिए फंड रेजिंग का काम कर चुके हैं। उन्होंने ऑस्कर के सौवें सस्करण के लिए अगले चार सालों में $500 मिलियन (भारतीय मुद्रा में 41 अरब रुपये) की रकम जुटाने का लक्ष्य रखा है।

### टॉलीवुड

## 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के दूसरे गाने का प्रोमो जारी, प्रशंसकों को तोहफा



साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। फिल्म के बारे में दर्शकों को आए दिन नई जानकारियां मिल रही हैं, जो उनका उत्साह बढ़ा रही है। वहीं, अब एक बार फिर दर्शकों के लिए कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। निर्माताओं ने विजय के जन्मदिन से पहले फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट दिया है, जो 'गोट' के गाने से जुड़ा है। निर्माताओं ने आखिरकार फिल्म के दूसरे सिंगल 'चिन्ना चिन्ना कंगल' का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है। दूसरा गाना संगीत प्रेमियों के लिए और भी खास है, क्योंकि विजय ने खुद इस गाने को गाया है और इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से दिवंगत भवथारिणी की आवाज का भी इस्तेमाल किया गया है। 'चिन्ना चिन्ना कंगल' के प्रोमो वीडियो में आगामी सिंगल की कुछ झलकियां दिखाई गईं, जिसे 22 जून को शाम छह बजे पूरी तरह से रिलीज किया जाएगा। प्रोमो में दिखाए गए दृश्यों में विजय द्वारा गाए गए कुछ लाइन्स भी शामिल हैं। उन्होंने कुछ साल के बाद एक मधुर प्रेम गीत गाया है। इसके अलावा आने वाला गीत और भी खास हो गया है, क्योंकि इसमें दिवंगत भवथारिनी की आवाज को एआई तकनीक के इस्तेमाल से फिर से बनाया गया है। इस साल जनवरी में गायिका और इलैयाराजा की बेटी का दुखद निधन हो गया था और यह गाना गायिका के लिए श्रद्धांजलि होगी। 'गोट' विजय की 68वीं फिल्म है।

### भोजपुरी

## "सौतिनिया के सड़िया" गाने ने मचाया धमाल



भोजपुरी सुपर स्टार राकेश मिश्रा और अभिनेत्री श्यामली श्री का नया भोजपुरी गाना "सौतिनिया के सड़िया" रिलीज के साथ वायरल हो रहा है। इसमें राकेश श्यामली की लाजवाब केमेस्ट्री भी नजर आ रही है। गाना बेहद शानदार है और इसकी प्रस्तुति भी उतनी ही मनमोहक है। इसे देखकर भोजपुरी के फैंस, गाने की ओर अनायास खींचे चले आ रहे हैं। गाने को देसी लोटा एंटरटेनमेंट एंड शूट सॉल्यूशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसके निर्माता धुन बजा भोजपुरी हैं। गाने का धुन वाकई कमाल का है, जिस पर श्यामली श्री जमकर थिरकती नज़र आई हैं। गाना "सौतिनिया के सड़िया" को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना मस्त है और हमने इसे बेहद खूबसूरती से बनाया है। उम्मीद करता हूँ सबों को पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि इस गाने में पहली बार उन्होंने खूबसूरत अदाकारा श्यामली श्री के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि गाने को बनाने में सब का योगदान सराहनीय रहा है। जहां तक बात श्यामली का है तो उसकी अदाकारी भी कमाल की है। इस गाने के जरिए उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल को दर्शकों के सामने रखा है। वहीं, श्यामली श्री ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बेहद खास है। गाने में एक महिला की पीड़ा को दिखाया गया है, जब उसको ये पता चलता है कि उसके पीठ पीछे उसका पति किसी परायी स्त्री को साड़ी देकर का रहा है। उस वक्त महिला पर क्या गुजरती है और उसके बाद वो जो करती है। गाने में इसका चित्रण किया गया है। उम्मीद करती हूँ कि यह गाना ख़ास कर महिलाओं को बेहद पसंद आये और वे इसे खूब सुने। गाने का मकसद सिर्फ मनोरंजन है। इसलिए इसे एन्जॉय करें।

### आस्ट्रेलिया की बहार

लाइफ स्टाइल



सिडनी के फैशन कैलेंडर का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन ऑस्ट्रेलियाई फैशन वीक (एएफडब्ल्यू) लोगों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ गया है। पिछले महीने 13 से 17 मई तक हुए इस आयोजन में उभरते छात्र डिजाइनरों से लेकर ऑस्ट्रेलिया के फैशन रॉयल्टी तक सभी शामिल हुए। सिडनी के स्टाइल के सबसे बड़े उत्सव में शामिल होने दुनिया के कोने-कोने से डिजाइनर और मॉडल्स पहुंचे।

## काटने पर बच जाएं फल तो हेयर केयर रूटीन में ऐसे करें इस्तेमाल

फल खाना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि जब हम फल खाते हैं तो उन्हें अक्सर काटकर या चाट बनाकर खाया जाता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि हम कुछ जरूरत से ज्यादा ही फल काट लेते हैं और कटे हुए फल जल्द ही खराब हो जाते हैं। इस स्थिति में हमें उन्हें बाहर फेंकना पड़ता है। जिससे खाने की काफी बर्बादी होती है।

हालांकि, अगर आप इस बर्बादी को रोकना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आप उनके कटे हुए बचे फलों को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। मसलन, इन फलों को हेयर केयर रूटीन में शामिल किया जा सकता है। फलों में कई तरह के विटामिन, मिनरल्स व अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपके बालों को अधिक हेल्दी बनाते हैं, जिससे कई तरह की हेयर प्रोब्लम्स खुद ब खुद सॉल्व हो जाती हैं। तो जानिए कि आप बचे हुए फलों को किन-किन



तरीकों से अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं-

### बनाएं फ्रूट हेयर मास्क

बचे हुए कटे फलों से हेयर मास्क बनाना एक अच्छा विचार है। मसलन, अगर आपके पास कटा हुआ पपीता है तो आप उसे मैश करके उसमें थोड़ी दही मिक्स कर लें। अब आप इसे हेयर मास्क की तरह अपने बालों व स्कैल्प पर लगाएं। करीबन आधे घंटे बाद बालों को वॉश कर लें। इसी तरह, बचे हुए एवोकाडो को मैश करके उसके थोड़ा शहद या नारियल का तेल मिक्स करके एक मॉइश्चराइजिंग हेयर मास्क तैयार किया जा सकता है।

### बनाएं हेयर डिटैंगलर

आपको शायद पता ना हो, लेकिन बचे हुए कटे फलों से आप हेयर डिटैंगलर भी बना सकते हैं। मसलन, अगर आपके पास कटी हुई कीवी हैं तो आप उन्हें नारियल पानी के साथ मिक्स करके एक स्प्रे तैयार करें। यह एक होममेड हेयर डिटैंगलर है, जो बालों को पोषित करने के साथ-साथ उन्हें अधिक सॉफ्ट व स्मूथ भी बनाता है।

### बनाएं कंडीशनर

पाइनएप्पल का खट्टा-मीठा टेस्ट काफी अच्छा लगता है। लेकिन अगर आपके पास कटे हुए पाइनएप्पल हैं तो आप उन्हें अपने बालों के लिए बतौर हेयर कंडीशनर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पार्टी में स्टाइल करें स्ट्रेपलेस ड्रेस, देखें लेटेस्ट डिजाइन



फैशन

पार्टी में जाना हम सभी पसंद करते हैं। इसलिए जब भी कहीं से इनवाइट आता है, तो सबसे पहले हम ऑनलाइन या मार्केट से जाकर कपड़ों की शॉपिंग करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें कभी समझ नहीं आता कि ऐसा क्या वियर करें जिससे हम खूबसूरत लगें। इस बार आप ट्राई करें ये स्ट्रेपलेस ड्रेस। इस डिजाइन वाली ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक स्टाइलिश लगेगा। साथ ही, आप खूबसूरत नजर आएंगी।

### फ्लोरल स्वीटहार्ट नेक स्ट्रेपलेस ब्लाउज



पार्टी में जाना पसंद है, तो उसके हिसाब से कपड़े पहनना भी आपको पसंद होगा। इस बार ट्राई करें ये फ्लोरल स्वीटहार्ट नेक वाली स्ट्रेपलेस ब्लाउज। इस तरह की ड्रेस आपको शार्ट में भी मिल जाएगी। साथ ही, इसे आप लॉन्ग में भी खरीद सकती हैं। इस पूरी ड्रेस में आपको फ्लोरल प्रिंट मिलेगा। साथ ही, इसमें आपको कमर पर फूल के डिजाइन वाली बेल्ट मिलेगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएगी।

### रफल डिजाइन वाली स्ट्रेपलेस ड्रेस

अगर आप किसी खास दोस्त की पार्टी में जा रही हैं, तो इसके लिए आप रफल डिजाइन वाली स्ट्रेपलेस ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें आपको नीचे की स्कर्ट में रफल का डिजाइन मिलेगा। ऊपर का टॉप स्ट्रेपलेस मिलेगा। इससे आपका लुक स्टाइलिश लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 1,000 से 1,500 रुपये में मिल जाएगी।

अगर आप किसी कॉकटेल पार्टी में जा रही हैं, तो यह ड्रेस डिजाइन आपके लिए बेस्ट है। इसमें आपको ऊपर का टॉप हैवी वर्क में मिलेगा। वहीं नीचे की ड्रेस आपको फ्लेयर्ड डिजाइन में मिलेगा। इससे पूरी ड्रेस अच्छी लगेगी। यह ड्रेस थोड़े हैवी डिजाइन में आएगी। इसलिए यह आप नॉर्मल पार्टी में स्टाइल नहीं कर सकती। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 2,000 से 3,000 रुपये में मिल जाएगी। इस बार मार्केट से स्ट्रेपलेस ड्रेस को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा।

## बढ़ती उम्र में नजर आएगी जवां, अगर इस तरह करेंगी साड़ी को स्टाइल



ज्यादातर खास मौके पर महिलाएं साड़ी वियर करना पसंद करती हैं, साड़ी में जहां महिलाएं खूबसूरत लगती हैं तो वहीं वो स्टाइलिश भी नजर आती हैं। वहीं अगर आप साड़ी में जवां नजर आना चाहती हैं तो इस आर्टिकल की मदद ले सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको साड़ी स्टाइल करने की कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें साड़ी वियर करने के दौरान वियर सकती हैं।

### मल्टी कलर ब्लाउज

अगर आप लाइट कलर की साड़ी पहन रही हैं तो आप इस तरह की साड़ी को किस तरह वियर करें इसके लिए एक्ट्रेस भाग्यश्री के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने लाइट कलर की साड़ी पहनी हैं और इसके साथ मल्टीकलर ब्लाउज पहना है। वहीं एक्ट्रेस ने इस साड़ी के साथ गले में चोकर पहना है साथ ही बालों को कर्ल किया है। वहीं एक्ट्रेस की तरह आप भी अगर लाइट कलर की साड़ी वियर कर रही हैं तो आप इस तरह साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं।

### स्लीवलेस ब्लाउज

पार्टी और दोस्त की शादी में आप इस तरह की साड़ी वियर कर सकती हैं और इस साड़ी को आप किस तरह स्टाइल करें इसके लिए आप एक्ट्रेस प्रीटी जिंटा के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने पिंक कलर की साड़ी पहनी है और इस साडी को एक्ट्रेसस ने स्लीवलेस ब्लाउज के साथ वियर की हैं। वहीं इस तरह की साड़ी आप कई सारे कलर आप्शन ले सकती हैं ।

## सिंपल ब्लाउज को डिजाइनर बनाने के लिए इन हेयर एक्सेसरीज का करें इस्तेमाल

साड़ी के साथ डिजाइनर ब्लाउज पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए अक्सर हम कपड़ा लेकर उसे खुद डिजाइन करवाते हैं, ताकि इसकी फिटिंग भी अच्छी आए। साथ ही, इसमें बना डिजाइन भी काफी फैंसी लगे। इसके लिए हमें कई बार बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आप अपनी हेयर एक्सेसरीज से ही ब्लाउज को डिजाइनर बना सकती हैं।

### मिनी क्लिप से डिजाइनर ब्लाउज

अगर आपके ब्लाउज का नेकलाइन सिंपल दिख रहा है, तो इसके लिए आप मिनी क्लिप के इस्तेमाल से इसे डिजाइनर बना सकती हैं। इसके लिए आपको क्लिप के ऊपर वाले हिस्से को अलग करना है। फिर ग्लू की मदद से इसे ब्लाउज में पेस्ट करना है। इसे आप ब्लाउज की स्लीव्स और गले के निशान पर लगाया जाएगा। इससे आपका ब्लाउज डिजाइनर बन जाएगा।

### हेयर एक्सेसरीज से ब्लाउज को बनाएं डिजाइनर



अगर आपके ब्लाउज की बैक डिजाइन सिंपल दिख रही है, तो इसके लि आप इस लेयर वाली हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपका ब्लाउज सुंदर लगेगा। इसे आप एक्स्ट्रा डोरी के साथ बैक ब्लाउज पर लगाएं। फिर सिलाई करके इसे सेट कर दें। इससे आपका ब्लाउज फैंसी और स्टाइलिश लगेगा। इस तरह की एक्सेसरीज को आप बिना लेयर के ब्लाउज के नेक पर लगा सकती हैं।

### माथा पट्टी से ब्लाउज को बनाएं डिजाइन

अगर आपने अपने ब्लाउज की नेकलाइन को सिंपल और डीप तैयार कराया है, तो इसे फैंसी बनाने के लिए आप माथा पट्टी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### ड्राई कंडीशनर और उपयोग करने का सही तरीका जानें

## शैंपू न करना चाहें तो ड्राई कंडीशनर की मदद लीजिए, निखरेंगे आपके बाल

*पुराने जमाने में लोग बालों को मुल्तानी मिट्टी, आंवला, रीठा और शिकाकाई से धोते थे। बालों को धोने के बाद उनमें नमी बनाए रखने के लिए आंवला, सरसों का तेल भी लगाया करते थे। लेकिन फिर नया दौर आया और लोगों ने साबुन से बाल धोना शुरू कर दिया। लोग जिस साबुन से नहाते थे उसी से बालों को धो लिया करते थे। लेकिन धीरे-धीरे लोगों को पता चला कि ऐसा करना ठीक नहीं है। तो मार्केट में बालों को धोने के लिए शैंपू आ गए। नमी और पोषण बनाए रखने के लिए हेयर कंडीशनर आ गए। लेकिन लोगों की व्यस्त जिंदगी और तेज लाइफस्टाइल के कारण कई लोग इतना समय भी नहीं निकाल पाते कि बालों में शैंपू कर सकें।*



ड्राई शैंपू के फैंस अब इस प्रोडक्ट को भी खूब पसंद कर रहे हैं। ऐसे दिनों में जब आपके बाल रूखे, बेजान और उलझे हुए हों, लेकिन आप समय की कमी या आलस के कारण शैंपू न करना चाहें तो ड्राई कंडीशनर की मदद ली जा सकती है। ये बालों को आसानी से सुलझाकर मुलायम बना सकता है। लेकिन अभी भी बहुत से लोग ड्राई कंडीशन के बारे में ज्यादा जागरूक नहीं हैं। इसका ज्यादा उपयोग वो लोग कर रहे हैं जो मेंस ग्रूमिंग को लेकर ज्यादा सजग और एक्टिव हैं। इसीलिए इस आर्टिकल में हम आपको ड्राई कंडीशनर के बारे में जानकारी देंगे। इसके साथ ही बताएंगे कि ड्राई कंडीशनर कैसे काम करता है और इसके इस्तेमाल का सही तरीका क्या है।

### ड्राई कंडीशनर क्या है?



पारंपरिक कंडीशनर के विपरीत, ड्राई कंडीशनर को एक ड्राई फार्मूले पर बनाया जाता है। ये कंडीशनर हल्का होता है और सीधे बालों पर स्प्रे किया जाता है। ड्राई कंडीशनर बालों को चिपचिपा बनाए बिना पोषण और नमी देते हैं। ड्राई कंडीशनर स्प्रे में मिस्ट जैसा फॉर्मूला होता है जो काम करने के बाद वाष्पित हो जाता है। इसे भी विज्ञान का नया चमत्कार ही कहा जा सकता है। ड्राई कंडीशनर में आपके बालों को हाइड्रेट और कंडीशन करने के लिए पौष्टिक और तुरंत सूख जाने वाली चीजों को मिलाया जाता है। ड्राई कंडीशनर लगाने पर बालों में मौजूद ऑयलीनेस को भी कम करते हैं। वे हल्के होते हैं, बालों को उलझने से रोकते हैं और बालों को नरम रखते हैं।